वर्ष- 21 अंक - 239 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

# हिंसा, तोड़फोड़ के बीच बांग्लादेश में मतदान
## जनमत संग्रह भी शुरू, एक साथ डाले जा रहे दो वोट

ढाका ● एजेंसी

**बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के लिए 299 सीटों पर मतदान शुरू हो गया है। यह चुनाव शेख हसीना के हटने के बाद पहला आम चुनाव है। मुख्य मुकाबला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के बीच है। अवामी लीग चुनाव से बाहर है।**





बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ-साथ जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह भी कराया जा रहा है। मतदाता एक साथ दो वोट डाल रहे हैं। एक वोट संसदीय चुनाव के उम्मीदवार के लिए और दूसरा जनमत संग्रह के लिए है। शेख हसीना की अवामी लीग को चुनावों से बैन कर दिया गया है और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सबसे आगे दिख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है। मतदान के दौरान आज कई जगह पर हिंसा हुई और मतदान केंद्रों पर तोड़फोड़ भी हुई।

## वोटिंग से पहले एक और हिंदू की हत्या

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए जारी वोटिंग के बीच अल्पसंख्यकों पर हमले की खौफनाक खबर सामने आई है। मौलवी बाज़ार इलाके में एक 28 वर्षीय हिंदू युवक रतन साहूकार का शव बरामद हुआ है, जिसके हाथ-पैर बंधे थे और शरीर पर गहरे ज़ख्मों के निशान थे। जिनसे लगातार खून बह रहा था। मृतक के शरीर पर धारदार हथियारों से वार किए गए थे। रतन का शव चम्पारा इलाके के चाय बागानों में बरामद किया गया। यहीं पर वह काम करता था।

# भारत बंद का कुछ राज्यों में असर

**गुरुवार.एजेंसी।** संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने आज राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल और 'भारत बंद' का आह्वान किया है। इस बंद को पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दलों और राहुल गांधी ने अपना समर्थन दिया है। किसान संगठन और मजदूर संघ नई श्रम संहिताओं, बिजली बिल 2025, बीज बिल और हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं। ओडिशा, कोलकाता सहित कुछ राज्यों में हड़ताल का असर देखा गया।



## 1200 किमी दूर बैठकर दिल्ली के डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन

**नई दिल्ली.एजेंसी।** नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टर अजय शर्मा की टीम के साथ 1200 किलोमीटर दूर गुजरात के डॉक्टर की मदद से टेलीसर्जरी कर चार मरीजों का सफल ऑपरेशन किया। इसके पहले चीन ने 8000 किलोमीटर दूर बैठे मरीज का ऑपरेशन कर इतिहास रचा था। अब दिल्ली के डॉक्टरों ने नया इतिहास रच दिया।

## दामाद संग भागने वाली सास अब जीजा के साथ भागी

**अलीगढ़.एजेंसी।** अलीगढ़ में चर्चित 'सास-दामाद' वाले केस ने एक बार फिर नया मोड़ ले लिया है। बेटी की शादी से पहले होने वाले दामाद राहुल के साथ फरार हुई सास करीब दस महीने तक बिहार में उसके साथ रही, लेकिन अब वह उसे छोड़कर अपने जीजा के साथ भाग गई। राहुल का दावा है कि वह दो लाख रुपये कैश और जेवर साथ ले गई। शिकायत लेकर अलीगढ़ पहुंचे राहुल को पुलिस ने घटनास्थल बिहार का बताकर लौटा दिया।

## सांसदों में चले लात-घूंसे

**तुर्किए.एजेंसी।** तुर्किए की संसद में नए न्याय मंत्री अकिन गुरलेक के शपथ ग्रहण के दौरान भारी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और सत्तापक्ष के साथ हाथापाई की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे तक चले।

## शादी में सिगरेट-गुटखा बने स्टार्टर

**गुरुवार.एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक शादी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मेहमानों को स्टार्टर की जगह सिगरेट, बीड़ी और गुटखा परोसा जा रहा है शादी में वेटर ट्रे में सिगरेट, बीड़ी और गुटखा के पैकेट लेकर घूमते नजर आ रहे हैं। मेहमान भी अपनी पसंद का सामान चुन रहे हैं।

# साजिश के तहत लीक की गई नरवणे की किताब, विदेश तक पहुंची जांच

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब के लीक मामले में शुरुआती जांच में साजिश के संकेत मिले हैं। आरोप है कि किताब को मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की क्लीयरेंस के बिना सुनियोजित तरीके से लीक किया गया। साथ ही इसकी ऑनलाइन बिक्री सबसे पहले कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और अमेरिका में शुरू हुई। इस मामले में जांच का दायरा अमेरिका, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तक बढ़ाया गया है।



## बुरी तरह फंसेंगे राहुल गांधी

संसद में गलत बयानी करने वाले राहुल गांधी के खिलाफ अब विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की तैयारी हो रही है। अगर सरकार ने इस मामले में सख्ती दिखाई तो राहुल को संसद में फटकार लग सकती है या उनकी संसद सदस्यता जा सकती है और वक्त आने पर जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है।

## हंसी का पात्र बना अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष ने जो अविश्वास प्रस्ताव दिया उस पर चार जगह वर्ष 2026 की जगह 2025 लिखा गया। 100 से ज्यादा सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर किए, लेकिन किसी को भी 2025 दिखाई नहीं दिया। खुद ओम बिरला ने सहृदयता दिखाते हुए इसमें संशोधन करने को कहा। खास बात यह है कि इस अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल के भी हस्ताक्षर नहीं हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ...




### सितारों ने की मदद

**गुरुवार.एजेंसी।** 16 साल पुराने चेक बाउंस मामले में अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी जमानत पर आज सुनवाई होगी। 9 करोड़ का लोन न चुका पाने के कारण उन्होंने सरेंडर किया था। अब राजपाल यादव को तिहाड़ जेल से निकालने के लिए फिल्मी सितारे आगे आए हैं और इन सितारों ने आर्थिक मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। सलमान खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अजय देवगन, वरुण धवन, सोनू सूद, गुरु रंधावा, मीका सिंह, कमाल खान, म्यूजिक प्रोड्यूसर राव इंद्रजीत सिंह और लालू के बेटे तेजप्रताप यादव ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

### कपिल शर्मा ने खुद करवाई अपने कैफे पर फायरिंग?

**मुंबई.एजेंसी।** पिछले दिनों कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर फायरिंग हुई थी। इस मामले में आयटम गर्ल राखी सावंत ने कहा कि कपिल शर्मा ने पब्लिसिटी के लिए खुद फायरिंग करवाई और आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर मढ़ दिया।

### 80 साल पुराने साउथ ब्लॉक को अलविदा



**नई दिल्ली.एजेंसी।** इस शुक्रवार की कैबिनेट बैठक खास होने जा रही है। शाम चार बजे साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में बैठक होगी और यह इस ऐतिहासिक इमारत में आखिरी कैबिनेट बैठक होगी। इसके बाद पीएमओ नई इमारत 'सेवा तीर्थ-1' में शिफ्ट हो जाएगा। इस बैठक को करीब 80 साल पुराने साउथ ब्लॉक को अलविदा कहने से पहले इसे एक औपचारिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है। आजादी के बाद से अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक से ही संचालित होता रहा है।

### असम से 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में पहचाने गए 16 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को तड़के ही वापस भेज दिया गया है। सरकार ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रखेगी।

# वार्ड के घर-घर पहुंच रही है समस्या जानने के लिए पार्षद

**इंदौर।** देपालपुर विधानसभा के शहरी वार्ड 16 की पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने पिछले सप्ताह से वार्ड के घर घर पहुंचकर आम जनता की समस्या जानने के लिए अभियान चला रखा है। कल भी नंदबाग सेक्टर में पार्षद ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं जानी और तत्काल हल कराने की जुगत भी की। इस अवसर पर अमित दुबे झुन्नु, आशा पंवार, उषा शर्मा, कपिल प्रजापत, मंगेश राउत, दिक्षा गौड, क्षमा, निर्मला पटेल, सुधाकर, सोहन बैरागी, ममता खातनकर, गोस्वामी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# इंदौर के 22 पार्षद पहुचे विशाखापट्टनम



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम से 22 पार्षदों का दल कल सुबह विशाखापट्टनम पहुंचा। सभी पार्षद आज से 3 दिनों तक विशाखापट्टनम में स्वच्छता को लेकर चल रहे प्रोजेक्ट और नवाचारों का सूक्ष्मता से अध्ययन करेंगे। पार्षद दल द्वारा इंदौर शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता मॉडल के संबंध में विशाखापट्टनम नगरीय निकाय को जानकारी दी जाएगी। इंदौर की पार्षद दल के विशाखापट्टनम आगमन पर अपर आयुक्त द्वारा अपने अधिकारी गणों के साथ इंदौर पार्षद दल का आज स्वागत किया गया। इस दौरान इंदौर पार्षद द्वारा निगम के स्वच्छता मॉडल एव निगम के कार्यों की जानकारी दी। इंदौर से आए पार्षद दल के सभी सदस्य विशाखापट्टनम के अधिकारियो के साथ आगामी तीन दिवस के शैक्षणिक कार्यक्रम व अन्य दौरों में भाग लेंगे। पार्षद करेंगे विशाखापट्टनम के नवाचारों का अध्ययन। पूर्व में भी दो अलग-अलग पार्षद दल द्वारा नवी मुंबई और सूरत का किया था भ्रमण।

# संजय शुक्ला भी कांग्रेसियों के साथ न्यायालय में रहे मौजूद

## फोटो साथ में खिंचवाने से बचते रहे पूर्व विधायक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कोरोना काल के समय कांग्रेस ने व्यापारियों के मुद्दे पर व्यापारिक क्षेत्र में पहुंचकर घेराबंदी करने की जो कोशिश की थी, उसमें प्रतिबंधात्मक समय पर कार्रवाई भी इन कांग्रेस नेताओं पर की गई थी। कांग्रेस नेता शैलेष गर्ग ने बताया कि भाजपा सरकार के समय कांग्रेस नेताओं पर मुकदमे लगाए गए थे उन्हीं मामले में कल पुराने कांग्रेस नेता विधायक संजय शुक्ला भी प्रकरण मामले में न्यायालय पहुंचे थे, वे कांग्रेसियों के साथ दो घंटे से अधिक समय तक न्यायालय परिसर में रहे लेकिन वे कांग्रेसियों के साथ फोटो खिंचवाने से बचते रहे। कुछ कांग्रेसियों ने उनके साथ फोटो की कोशिश भी की लेकिन सफल नहीं हुए। यह प्रकरण उस समय का जब संजय शुक्ला कांग्रेस में थे, लेकिन वे आज वे भाजपा में हैं, लेकिन प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। कांग्रेस नेता शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, धर्मेंद्र गेंदर, इम्तियाज बेलिम, पिंटू जोशी, जौहर मानपुरवाला एवं व्यापारी सुरेंद्र मेहता, नरेंद्र मेहता, जावेद एवं अन्य भी मौजूद रहे। कल न्यायालय में इन कांग्रेस नेताओं को करीब पांच घंटे से अधिक का समय लगा। कल गवाह भी हुए।





# महापौर ने सौंपा अनिका के लिए सहायता राशि चेक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गम्भीर बीमारी से जूझ रही बेबी अनिका के उपचार के लिए सहायता राशि का चेक दिया। अनिका के लिए शहरवासियों और विद्यार्थियों से एक दिन में 28 लाख रु. सहयोग के रूप में जुटाए थे। महापौर ने भी इसमें भूमिका निभाई। सीबीएसई के सहोदय ग्रुप का भी सहयोग रहा।



# संगोष्ठी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की पुध्यतिथि अवसर पर कल संगोष्ठी का आयोजन लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में किया गया। विधायक मालिनी गौड़, अतिथि अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय, एकलव्यसिंह गौड़ ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया। अश्विनी उपाध्याय ने कई मुद्दों पर सार्थक उद्बोधन भी दिया। इस अवसर पर तत्रू शर्मा, सचिन चौरसिया, प्रकाश रोचलानी, अशोक नायक, प्रकाश मानावत, राजेश राठौर, मोहन पंडित, पारस जैन, पप्पू कोचले, संजय चौहान आदि का सम्मान किया गया।

# क्रीडा भारती की आरती पाल अर्जुन अवार्ड से सम्मानित होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान नेतृत्व, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। योगासन मे क्रीडा भारती की महिला खिलाड़ी डॉ आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार घोषित होने पर क्रेन्द्रीय खेलमंत्री डॉ मनसुख मंडाविया द्वारा इंदौर आगमन पर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया तथा भाजपा द्वारा रु 11000/ की राशि भेट की गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, हरदीप सिंह रुप्पल, पूजा शर्मा, योगेश पुरोहित आदि उपस्थित थे।



# भाजपा नगर अध्यक्ष ने पोकलेन ऑपरेटर मामले में की कलेक्टर से चर्चा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मेट्रो प्रोजेक्ट पोकलेन ऑपरेटर द्वारा पंजे से कुचलने का प्रयास करने वाले घटनाक्रम को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा से चर्चा कर मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करने की बात कही है।

# श्रम कानून के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संयुक्त सफाई कर्मचारी कामगार संघ मोर्चा वाल्मीकि सेना एवं नगर निगम के कर्मचारी कामगार संगठनों के पदाधिकारियों ने काले श्रम कानून के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर निजी सचिव भंवरलाल चौहान को ज्ञापन सौपा। प्रमुख रूप से महेश गौहर, हरीश नागर, अखिलेश मेवाती, सुरेश डोंगरे, संतोष कल्याणे, श्याम अजय पाल, राजेश धोलपुरे, प्रशांत वेद, विकास परदेशी, राजेश मेवाती मौजूद थे। आज भी संयुक्त सफाई कर्मचारी कामगार संघ मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता फिर आंदोलन को लेकर सम्भागायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे और प्रदर्शनकारियों का समर्थन करेंगे। उक्त पूर्ण जानकारी महेश गौहर द्वारा दी गई।

आपकी स्मृति ही ईश्वर आराधना है



पूज्य बाबूजी
श्री के.के. पाटीदार
को 18वीं पुण्यतिथि पर
प्रणाम!
मुकेश-सुनीता पाटीदार
पुष्पेन्द्र-सोनू पाटीदार
(पार्षद वार्ड क्र. 40-अध्यक्ष ज़ोन क्र. 10)
गगन-सोनाली पाटीदार
गुंजन, रिया, जया और मिवान
Gagan Leather House
खजराना, इन्दौर
98270-34239/40
98277-95554

# बैंक और बीमा कर्मचारी हड़ताल पर

## निजीकरण, विनिवेश और श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध






इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा अन्य बैंककर्मी संगठनों के आह्वान पर आज देशव्यापी आम हड़ताल की जा रही है। ज्यादातर बैंकों पर हड़ताल का असर भी दिखा। वहीं अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघों के संयुक्त आह्वान पर आज देशभर के बीमा कर्मचारी एवं अधिकारी एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल पर है। इस हड़ताल में भारतीय जीवन बीमा निगम सहित सार्वजनिक क्षेत्र की सभी बीमा कंपनियों के कर्मचारी भाग ले रहे है। हड़ताल का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में लागू की जा रही निजीकरण, विनिवेश और श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ जनहित में आवाज़ बुलंद करना है। हड़ताल के प्रमुख मुद्दे एलआईसी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों में विनिवेश की नीति तत्काल बंद की जाए। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति से सार्वजनिक बीमा संस्थानों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो रहा है। स्थायी नियुक्तियों पर रोक और बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग से सेवाओं की गुणवत्ता और कर्मचारियों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है सहित अन्य मुद्दों पर बीमा कर्मी हड़ताल पर है। यही स्थिति डाक विभाग की भी है। पुरानी पेंशन का मुद्दा भी उठाया जा रहा हैं खास तौर से निजीकरण का मुद्दा भी हर विभाग आज हड़ताल के दौरान उठा रहा है। सभी विभाग अपने अपने मुख्यालय से एकत्रीकरण के बाद आज संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी दे रहे हैं। हर विभाग कर्मचारियों की कमी का मुद्दा भी उठा रहे हैं। कई अन्य लोकल इकाइयों ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है।

## मजदूर कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों एवं श्रमिक विरोधी चार श्रम संहिता लागू करने के विरोध में देश भर के मजदूर किसान हड़ताल पर आज है। आज सुबह गांधी हाल अभिनव कला समाज के सामने एकत्रित होकर सभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा के बाद जुलूस गांधी हाल से गुजराती कॉलेज महारानी रोड होते हुए सेंट्रल कोतवाली होकर संभाग कमिश्नर पर ज्ञापन सौंपा जाएगा और समापन होगा। श्याम सुंदर यादव, लक्ष्मीनारायण पाठक, हरनाम सिंह धालीवाल, रुद्रपाल यादव, सी एल सर्रावत, हरिओम सूर्यवंशी, कविता मालवीय, प्रमोद नामदेव, एम के शुक्ला, अरविंद पोरवाल, गजानंद निम गांवकर, बाबूलाल नागर, एडवोकेट ओम प्रकाश खटके, सोहनलाल शिंदे, कैलाश लिम्बोदिया, कैलाश गोठानिया मौजूद है।

## हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा अन्य बैंककर्मी संगठनों के आह्वान पर आज देशव्यापी आम हड़ताल की जा रही है। कल बुधवार को भी बैंक समय के बाद 5.15 बजे पंजाब नेशनल बैंक, एसजीएसआईटीएस शाखा, इंदौर के समक्ष बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की श्रमिक-विरोधी एवं जन-विरोधी नीतियों, चार श्रम संहिताओं के माध्यम से संगठित होने, सामूहिक सौदेबाजी एवं हड़ताल के अधिकारों पर किए जा रहे प्रहार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं बीमा कंपनियों के निजीकरण, कर्मचारियों की भारी कमी, बढ़ती आउटसोर्सिंग, पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति तथा आम जनता पर बढ़ते सेवा शुल्क के विरोध में किया गया। मोहन कृष्ण शुक्ला, अरविन्द पोरवाल, पंकज पांढरे ने सम्बोधन दिया।

## श्रम न्यायालय के अधिवक्ता नवीन श्रम संहिता के विरोध में आज काम नहीं करेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर 2025 से नवीन श्रम संहिता प्रभावशील की गई है, जिसे लेकर मध्यप्रदेश शासन द्वारा संहिता के लिए नियम बनाये जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के समस्त श्रम न्यायालय को बंदकर इन नई 4 श्रम संहिताओं के माध्यम से शासकीय अधिकारियों को न्यायिक अधिकार प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके कारण प्रदेश के श्रमिक कर्मचारियों को न्याय मिलना मुश्किल होगा और अधिकारियों को न्यायिक विधि का ज्ञान नहीं होने से मनमाने आदेश जारी किये जाएंगे और भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। इसके कारण प्रदेश के श्रमिक कर्मचारी, संस्थान के प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों के साथ अन्यायूर्ण कार्यवाही होगी। नवीन श्रम संहिता के विरोध में मध्यप्रदेश के श्रम न्यायालय के अधिवक्ता आज कार्य से विरत है। यह जानकारी आज इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्यप्रदेश श्रम एवं औद्योगिक न्यायालय

**श्रम न्यायालय को न्यायाधिकरण घोषित करने को लेकर अभिभाषक संघ मुख्यमंत्री को सौंपेगा ज्ञापन**

अभिभाषक संघ, इंदौर (म.प्र.) के पदाधिकारी ओमप्रकाश खटके, मोहन कर्पे एवं बाबूलाल नागर ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अभिभाषक संघ ज्ञापन भी सौंपेगा। उन्होंने बताया कि बताया कि नवीन श्रम कानूनों को लेकर हमारी मांग है कि आई आर कोड के अंतर्गत श्रम न्यायालय समाप्त कर वहां लंबित सभी प्रकरण औद्योगिक न्यायाधिकरण को हस्तांतरित करने के बजाय श्रम न्यायालय का उन्नयन कर उसे न्यायाधिकरण घोषित कर दिया जाए। वेज कोड के तहत न्यूनतम वेतन, वेतन कटोत्रा या अदत्त वेतन के विवाद के निराकरण के अधिकार श्रम न्यायालय के पास ही रहे। अन्यथा प्रशासनिक अधिकारी को यह अधिकार देने से न्यायिक प्रक्रिया का मखौल बनेगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण राज्य स्तर पर नियमों में प्रावधान कर किया जा सकता है। सभी मांगों के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिये आज देश के राष्ट्रीय श्रम संगठन, समस्त ट्रेड यूनियन, फेडरेशन एवं किसान संगठन इस आंदोलन में शरीक रहेंगे नवीन श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग की है। नवीन संहिता के अनुसार सिर्फ 15 हजार का वेतन लेने वाला श्रमिक न्याय का हकदार होगा बाकी श्रमिक या कर्मचारी इस इससे बाहर हो जाएंगे। इससे न्यूनतम वेतन का उल्लंघन होगा। व्यावसायिक श्रम अधिनियम के अंतर्गत श्रम संगठनों का पंजीयन मुश्किल होगा एवं ट्रेड यूनियनों का हड़ताल का अधिकार समाप्त होने के साथ जुर्माना भी लगेगा। इससे ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा। आउटसोर्स के कर्मचारी का शोषण बढ़ेगा और स्थायी कर्मचारियों के पद समाप्त होंगे। भविष्य में श्रमिकों की परेशानियां बढ़ेंगी और वह अपने अधिकारों से वंचित होगा।

## शादी समारोह में विवाद के बाद गोली चलाई, बाल-बाल बचे भाजयुमो नेता

### 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। महू के सिमरोल रोड स्थित एक मैरिज गार्डन के बाहर बीती रात मामूली विवाद में गोली चलने से सनसनी फैल गई। विवाद तब शुरू हुआ जब फरियादी अपने परिवार को गाड़ी से उतार रहा था और पीछे से आए आरोपियों ने हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। इसी बात पर हुई कहासुनी के बाद बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली फरियादी के कान के पास से होकर गुजरी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 10:30 बजे श्रद्धा मैरिज गार्डन के सामने हरसौला फाटा पर हुई। हाट मैदान निवासी अर्जुन कौशल अपने परिवार के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुँचा था। अर्जुन अपनी गाड़ी खड़ी कर परिवार को उतार ही रहा था कि तभी शांति पैराडाइज निवासी सूरज पंडित और उसके साथी वहां पहुँचे और लगातार हॉर्न बजाने लगे। जब अर्जुन ने उन्हें थोड़ा रुकने को कहा, तो आरोपी गाली-गलौज और झूमाझटकी पर उतारू हो गए। विवाद के दौरान आरोपी सूरज, संदीप, पप्पू और अंतु पंडित ने अर्जुन को धमकाया। इसी बीच एक आरोपी ने अवैध पिस्टल निकाली और अर्जुन के सिर को निशाना बनाकर फायर कर दिया। खुशनसीबी रही कि अर्जुन ने समय रहते सिर झुका लिया और गोली उसके कान के पास से सनसनाती हुई निकल गई। गोली चलने की आवाज से शादी की खुशियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और मेहमान अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भीड़ का फायदा उठाकर चारों हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही महू पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने फरियादी अर्जुन कौशल की रिपोर्ट पर आरोपी सूरज पिता राजू पंडित, संदीप पंडित, पप्पू पंडित और अंतु पंडित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।फरियादी भाजयुमो पदाधिकारी बताया जा रहा है।

# केसरबाग के निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे से होगी पानी की लाइन शिफ्ट

## शिफ्टिंग में लगेंगे 6 महीने, खर्च होंगे 2.12 करोड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**केसरबाग पर बनाए जा रहे हैं नए फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे से पानी की लाइन को शिफ्ट किया जाएगा। शिफ्टिंग का यह काम इंदौर नगर निगम करेगा। इस कार्य में 6 महीने लगेंगे। इस कार्य को करने में 2.12 करोड रुपए खर्च होंगे।**

इस समय शहर में कहीं पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तो कहीं पर लोक निर्माण विभाग कहीं पर इंदौर विकास प्राधिकरण तो कहीं पर मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज और रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। सभी स्थानों पर तेज गति के साथ निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। हाल ही में रालामंडल पर बनाए गए फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो गया और उसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। अभी 2 दिन पहले ही इस फ्लाईओवर ब्रिज पर यातायात शुरू हुआ है और यह हकीकत सामने आई है कि नेशनल हाईवे ने काम को पूरा किए बगैर ही यातायात शुरू करवा दिया है। इस ब्रिज पर जगह-जगह लोहे के सरिए निकले हुए हैं। इसी बीच दूसरे जो ब्रिज है जिनका निर्माण चल रहा है उसमें क्या-क्या बाधाएं हैं उन्हें शॉर्टलिस्ट कर उनका समाधान करने का कार्य भी तेज गति के साथ शुरू हो गया है।

इस कड़ी में केसरबाग रोड पर बनाए जा रहे हैं नए फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में सबसे बड़ी बाधा ब्रिज के स्थान पर नीचे की तरफ आ रही इंदौर नगर निगम के नर्मदा पेयजल योजना की पाइप लाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन है। इन दोनों लाइनों की शिफ्टिंग इस निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। ऐसे में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार इन दोनों लाइन की शिफ्टिंग में 6 महीने का समय लगेगा और 2.12 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। अब नगर निगम की ओर से इस कार्य को अंजाम देने की दिशा में काम शुरू हो गया है। निगम के द्वारा ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि मार्च के तीसरे सप्ताह तक हम एजेंसी फाइनल कर लेंगे। इसके बाद में फिर संभवत अप्रैल से इन दोनों लाइन की शिफ्टिंग का कार्य मौके पर शुरू हो सकेगा।

### निगम के कारण लेट हो जाते हैं ब्रिज

जब किसी भी फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव बनता है तो उसके बाद में पूरी प्रक्रिया से गुजरने के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दी जाती है। इसके बाद फिर ब्रिज बनाने वाली एजेंसी के द्वारा ठेकेदार के चयन का कार्य किया जाता है। फिर जाकर ब्रिज का काम शुरू होने लगता है और जब काम शुरू होने लगता है तब यह हकीकत सामने आती है कि अभी तो जिस स्थान पर ब्रिज बनाया जाना है उस स्थान के नीचे पानी या ड्रेनेज की लाइन दबी हुई है। ऐसे में जब तक नगर निगम लाइन की शिफ्टिंग का काम नहीं कर लेता है तब तक ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हो पाता है। इस स्थिति के कारण ब्रिज के निर्माण का प्रोजेक्ट लेट हो जाता है।

---

# गौशाला की गायों के लिए निगम खरीदेगा साढ़े तीन करोड़ का दाना पानी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )। इंदौर नगर निगम के द्वारा यशवंत सागर के पास में संचालित गौशाला में रहने वाली गायों के लिए 3.5 करोड़ का दाना पानी खरीदा जाएगा। इसकी खरीदी के लिए निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।**

नगर निगम के द्वारा रेशम केंद्र हातोद में गौशाला का संचालन किया जा रहा है। गौ सेवा को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए निगम के द्वारा सड़क पर घूमने वाली गायों को इस गौशाला में भेजा गया है। हाल ही में नगर निगम के द्वारा जब देपालपुर क्षेत्र को स्वच्छता के लिए गोद लिया गया तो वहां पर सड़क पर घूमने वाली गायों को भी बड़ी संख्या में पकड़कर इस गौशाला में लाया गया है। इनमें से अधिकांश गायें ऐसी है जो की दूध नहीं देती है और बीमार हालत वाली है। ऐसी सभी गायों की व्यवस्थित देख रेख इस गौशाला में की जा रही है।

निगम के द्वारा गौशाला में रहने वाली गायों के खान-पान की व्यवस्था को आकार देने के लिए करीब 3.5 करोड रुपए की लागत से सामग्री खरीदने का फैसला लिया गया है। इसके अंतर्गत 15000 क्विंटल मशहूर भूसा, 2500 क्विंटल सुदामा, 500 क्विंटल सरसों खली, 400 क्विंटल बिनोला पीना, ढाई सौ क्विंटल नमक, डेढ़ सौ क्विंटल चूना, 200 क्विंटल गुड, 3000 क्विंटल हरा चना, 500 क्विंटल बाजरा और 500 क्विंटल जौ खरीदी जाएगी।

इन सभी सामग्री को खरीदने के लिए निगम के द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह सभी सामग्री गौ माता के भजन में काम आती है निगम अब अगले महीने तक खरीदी की इस प्रक्रिया को पूरा कर गौ माता की बेहतर देखरेख को सुनिश्चित कर रहा है।

---

# नासिक से आटो में पहुंचे राजबाडा, पुलिस ने दी समझाईश

## महाकाल दर्शन के लिए निकले तीन दोस्त, श्वान भी आया साथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कोरोना काल में मजदूरों ने जो साधन मिले थे उसी से पलायन कर लिया था। खासतौर पर महाराष्ट्र से सैकडों आटो रिक्शा इन्दौर के बायपास से गुजरे थे। कल एक आटो रिक्शा नासिक से इन्दौर के राजबाडा आ गया। जहां ट्राफिक पुलिस कर्मियों ने उसे पकडा और समझाईश दी।**

महाराष्ट्र के नासिक से राजबाडा आए रिक्शा क्रमांक एमएच-15 जेए-6653 को पुलिस ने रोका। एसआई काजिम हुसैन रिजवी ने बताया कि रिक्शा चालक अशोक



पंवार अपने तीन दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन करने जा रहे थे। इसी बीच वे शहर के राजबाडा देखने के लिए पहुंचे तो ट्राफिक पुलिस की नजर उन पर पड़ गई जिसके बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होने बाबा महाकाल के दर्शन की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने उदारता दिखाते हुए उन पर चालानी कार्रवाई तो नहीं की लेकिन उन्हें समझाईश दी कि रिक्शा का परमिट सीमित दायरे के लिए होता है और यह इतनी लम्बी दूरी के लिए सुरक्षित भी नहीं है। जिसके बाद युवकों ने पुलिस से आगे ऐसा नहीं करने की बात भी कही। खास बात यह है कि युवकों के साथ एक श्वान भी आटो में बैठकर आया है।

---




# अवैध कॉलोनी पर लगाए निगम ने बोर्ड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर बोर्ड लगाए गए हैं। इस बोर्ड में नागरिकों को यह जानकारी दी गई है कि इस स्थान पर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। नागरिकों से यह अपील की गई है कि वह इस कॉलोनी में संपत्ति खरीदने का कार्य नहीं करें। इसके साथ ही कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि वह इस कॉलोनी का विकास नहीं करें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम के द्वारा अवैध कॉलोनी के निर्माण के खिलाफ सतत रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह बोर्ड लगाए गए हैं।

---

# शहर में हर तरफ खुदाई से परेशान आम आदमी

## *दो साल पहले खोदी सड़कें आज तक समतल नहीं कर सका निगम*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर का आम नागरिक इन दिनों ट्रैफिक जाम और सड़कों की खुदाई से बुरी तरह परेशान है। शहर की करीब 80 प्रतिशत सड़कें या तो खुदी हुई हैं या अधूरी हालत में पड़ी हैं। कई स्थानों पर सड़क खोदकर यूं ही छोड़ दी गई है। अधिकारियों का तर्क है कि खुदाई के बाद मिट्टी को सेटल होने में छह महीने लगते हैं, इसलिए भराव और पैचवर्क बाद में किया जाएगा। इसका मतलब साफ है कि एक बार सड़क खुदी तो कम से कम एक साल तक नागरिकों को गड्ढों से गुजरना ही पड़ेगा।

**इन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं-** शहर में सड़कें कितनी बार खुद रही हैं? कौन-सी लाइन डाली जा रही है? काम कब तक पूरा होगा? रेस्टोरेशन और पैचवर्क की जिम्मेदारी किसकी है?

ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब न अधिकारियों के पास है और न ही ठेकेदारों के पास। न तो किसी स्थान पर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं और न ही काम की समय-सीमा तय है।

**खुदाई के बाद सड़कें समतल नहीं होती-** शीतल नगर निवासी देवेंद्र गायकवाड़ बताते हैं कि शहर में कई सड़कें ऐसी हैं जो दो साल पहले खोदी गई थीं, लेकिन आज तक समतल नहीं हुईं। वाहन चालक रोजाना गड्ढों से गुजरने को मजबूर हैं। जिन एजेंसियों ने लाइन डालने का काम किया, वे काम पूरा कर भुगतान भी ले चुकी हैं, लेकिन जिन अधिकारियों पर रेस्टोरेशन और पैचवर्क की जिम्मेदारी थी, वे पीछे मुड़कर भी नहीं देखते। पार्षद और जनप्रतिनिधि भी इन इलाकों में नहीं पहुंचते।

**पैचवर्क के लिए नवाचार असफल-** छीपा बाखल निवासी दीप मिश्रा का कहना है कि खुदी हुई सड़कों की सजा रोजाना हजारों वाहन चालक भुगत रहे हैं। कहीं एक्सीडेंट हो रहे हैं तो कहीं वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं। कई लोग झटकों के कारण कमर दर्द जैसी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। नगर निगम अलग-अलग क्षेत्रों में नवाचार की बात करता है, लेकिन खुदी हुई सड़कों को तत्काल दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।

**गड्ढे शहर को दे रहे दर्द-** सामाजिक कार्यकर्ता अतुल सेठ का कहना है कि लाइन डालने के नाम पर सड़कों पर बने गड्ढे लोगों को एक्सीडेंट और बीमारियां दे रहे हैं। स्लिप डिस्क के मरीज बढ़ रहे हैं। वहीं गड्ढों से उड़ने वाली धूल हवा को जहरीला बना रही है।

**यहां सड़कें खोदीं और भरना भूल गए**

रसोमा चौराहा–मेदांता रोड–रिंग रोड

दो साल पहले लाइन डाली गई, छह माह में पैचवर्क होना था, लेकिन आज तक नहीं हुआ।

सुभाष मार्ग (जूना रिसाला से गौराकुंड)

सड़क खुदी पड़ी है, कौन-सी लाइन डाली गई, रहवासियों को जानकारी नहीं।

श्रम शिविर के सामने

ताजा मामला, सड़क की खुदाई जारी।

एमआर-9 बर्फानी रोड

एक साल में चार बार सड़क खोदी गई, कारण और जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं।

रोबोट चौराहा से रेडिसन चौराहा

दोनों ओर सर्विस रोड खुदी, निगम और मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं।

शहर में सड़कों की खुदाई से लोग परेशान हैं। नगर निगम को पैचवर्क के लिए एजेंसी नहीं मिल पा रही है। पिछले एक साल से ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं हैं।

**- चिंटू चौकसे, नेता प्रतिपक्ष**

पैचवर्क के लिए नई व्यवस्था बनाई जाएगी। सड़क समतलीकरण की जिम्मेदारी तय होगी। कहां कौन-सी लाइन डाली जा रही है, इसकी जानकारी के लिए मैप और सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए जाएंगे।

**- क्षितिज सिंघल, आयुक्त नगर निगम**

# अब नहीं घुसेगा वार्ड 51 की आधा दर्जन कालोनियों में बारिश का पानी

## एक करोड़ लागत से निगम करवा रहा विराट नगर गार्डन के पास नई रिटर्निंग वॉल तैयार, फिर मिलेगी वार्ड में एक और नए बगीचे की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा पांच के मुसाखेड़ी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा एक करोड रुपए की लागत से विराटनगर गार्डन के पास नई लंबी - चौड़ी रिटर्निंग वॉल तैयार की जा रही है। जिससे फायदा यह होगा कि इस बार बारिश के सीजन में वार्ड 51 की आधा दर्जन कालोनियों में इस बार बारिश का पानी नहीं घुसेगा। यही नहीं उक्त नई रिटर्निंग वॉल के बनने के बाद बेहद जल्द बारिश बाद यहां वार्ड में क्षेत्र के रहवासियों के लिए एक और नए बगीचे की सौगात भी मिलने वाली है। जिससे क्षेत्र के नागरिक घर के नजदीक सुबह और शाम बगीचे में घूमने के साथ हरियाली और सुंदरता का भी आनंद उठा सकेंगे। इसको लेकर भी निगम अधिकारियों ने बकायदा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्य की प्लानिंग कर रखी है। जबकि पहले यहां हालत यह थे कि लंबे समय से रिटर्निंग वॉल का काम मंजूरी के बावजूद सालों से अटका हुआ था। जिसके कारण यहां क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए बनने वाले एक और नए बगीचे का काम भी इतने समय से अटका हुआ था। वहीं अब क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से पिछले दिनों लंबे समय से अटकी नाले के पास वाली करीब 150 मीटर रिटर्निंग वॉल के निर्माण का काम शुरू भी हो गया है। यही नहीं वर्तमान में यहां करीब आधी से ज्यादा



रिटर्निंग वॉल बनकर तैयार भी हो चूंकि है। यही नहीं आने वाले दिनों में अगले दो से तीन माह में बेहद जल्द बारिश से पहले लंबी - चौड़ी रिटर्निंग वॉल पूरी तरह से बनकर तैयार भी हो जाएगी। जिसका फिलहाल बेहद तेजी के साथ लगातार काम चल रहा है।

### रिटर्निंग वॉल बनने के बाद बगीचे के निर्माण को लेकर शुरू होगी प्लानिंग

वही बड़ी बात यह है कि लंबी - चौड़ी रिटर्निंग वॉल बनकर तैयार होने के बाद यहां सालों से अटके विराटनगर क्षेत्र के प्रस्तावित एक और नवीन गार्डन निर्माण को लेकर भी तैयारी शुरू होगी। प्रस्तावित जगह पर बेहद जल्द क्षेत्र की जनता के लिए निगम द्वारा लाखों रुपए खर्चकर एक और नवीन बड़े बगीचे का निर्माण भी जल्द शुरू किया जाएगा। जहां क्षेत्र के रहवासियों के लिए उनकी जरूरत के हिसाब से बगीचे की प्लानिंग की जाएगी। यहां लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था के साथ सुबह-शाम घूमने आने वालों के लिए लंबा - चौड़ा वाकिंग ट्रेक और व्यायाम कसरत के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे। यही नहीं रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। साथ ही क्षेत्र की जनता के लिए नए बगीचे में अन्य सुविधाएं भी जुटाई जाएगी। पहले चरण में रिटर्निंग वॉल का काम किया जा रहा है, इसके बाद बगीचे के निर्माण को लेकर प्लानिंग की जाएगी।



# सालभर बाद भी साढ़े बारह करोड़ लागत वाली सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार

## अभी तक आधी भी नहीं हुई तैयार

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के बिजलपुर क्षेत्र में वार्ड 78 में आधा दर्जन कालोनियों से जुड़ी ट्रेजर टाउनशिप कॉलोनी को एबी रोड से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का काम सालभर बाद भी धीमी रफ्तार से चल रहा है। हालत यह है कि इतने समय बाद भी अभी तक आधी सड़क भी तैयार नहीं हो पाई। यही नहीं इस सड़क के निर्माण में बाधक 30 से ज्यादा दुकानें भी अभी तक नहीं है हट पाई। श्री साइड टाउनशिप की बाउंड्री वॉल तोड़कर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। सड़क में बाधक दर्जनभर से ज्यादा हरे - भरे पेड़ भी हटाए गए। लेकिन ट्रेजर टाउनशिप वाली लाइन में दोनों तरफ की लगभग दो दर्जन से ज्यादा दुकानों को हटाने का मामला अभी ठंडा पड़ा है। जिसके कारण इस साइड सड़क निर्माण के कार्य की रफ्तार फिलहाल धीमी है।

**मामला:ट्रेजर टाउनशिप कालोनी को एबीरोड से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का**

### पुलिया के पास आधी - अधूरी सड़क से वाहन चालकों को हो रही परेशानी

वही इधर पुलिया वाले हिस्से में भी चौड़ीकरण और निर्माण कार्य धीमी रफ्तार से चल रहा है जिसके कारण यहां से निकलने वाले हजारों वाहन चालकों को रोजाना दिक्कत आ रही है। हालांकि पुलिया से आगे टाउन शिप से जुड़ी सड़क एबी रोड़ से पेट्रोल पंप तक बनकर जुड़ गई है, जहां से वाहन चालकों ने अधूरी सड़क से आना - जाना भी शुरू कर दिया है।

# रेसीडेंसी कोठी में 3 करोड़ की लागत से रेस्ट हाउस के सालों पुराने आठ कमरों का होना था रिनोवेशन

## सालभर से मामला फाइलों में अटका

### पिछले साल से चल रही पीडब्ल्यूडी की प्लानिंग,अभी तक शुरू नहीं हो पाया काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रेसिडेंसी कोठी में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कोठी के सामने वाले रेस्ट हाउस के सालों पुराने आठ कमरों को लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से रिनोवेशन किया जाना था। जिसके तहत इन पुराने कमरों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बनाकर इनको बाहर से लेकर भीतर तक सब कुछ बदलकर नवीनीकरण करने को लेकर पूरी प्लानिंग की थी। लेकिन हालत यह है कि सालभर से पूरी प्लानिंग और प्रक्रिया फाइलों में उलझी पड़ी है। जबकि अब तक तो यहां काम भी शुरू हो जाना था।

### सिंहस्थ के दौरान कोठी में बढ़ेगा वीआईपी मेहमानों का दबाव

गौरतलब है कि आने वाले सिंहस्थ के मद्देनजर रेसीडेंसी कोठी में सिंहस्थ के दौरान वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों का आना - जाना बढ़ेगा। वीआईपी के बढ़ने वाले मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए रेसीडेंसी प्रबंधन द्वारा कोठी के सामने वाले रेस्ट हाउस में सालों पुराने आठ कमरों का संपूर्ण इंटीरियर बदलते हुए इनमें अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इनके नवीनीकरण करने की योजना बनाई गई थी। जिसके तहत इन कमरों की बाथरूम बड़ी करने के साथ रेस्ट हाऊस का किचन भी



रिसेप्शन और लाबी का भी रिनोवेशन किया जाना था। जो आने वाले सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए हाई स्टाइल लग्जरी होटल जैसी सुविधा के साथ रेस्ट हाउस के पुराने कमरों का विस्तार किया बड़ा करना था। साथ ही 40 साल से ज्यादा पुरानी रेस्ट हाउस की इमारत का भी इंटीरियर बदलकर नवीनीकरण किया जाना था। जिसके तहत कमरों का पुराना फर्नीचर बदलने के साथ भीतर का संपूर्ण इंटीरियर भी बदला जाना था। इसके साथ ही जाना था। लेकिन सालभर से शासन की मंजूरी के बाद पूरी प्लानिंग हो जाने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि मामला टेंडर प्रक्रिया में उलझा हुआ है। जबकि अब तक तो काम भी शुरू भी हो जाना था।

### ऐसे बदलने वाली थी न्यू रेस्ट हाउस की सूरत

रेसीडेंसी परिसर स्थित न्यू रेस्ट हाउस में बने सालों पुराने आठ कमरों जो वर्तमान में साइज में छोटे हैं उन्हें बड़ा करने के साथ इनकी बाथरूम तोड़कर नई बनाने की प्लानिंग थी साथ ही कमरों का साइज बड़ा कर कर भीतर का पूरा इंटीरियर चेंज करना था। यही नहीं यहां के पुराने फर्नीचर को बदलकर सब कुछ नया करने की प्लानिंग थी जिसके तहत 3 करोड रुपए खर्च कर 40 साल से ज्यादा पुरानी इमारत का संपूर्ण नवीनीकरण कर भीतर से लेकर बाहर तक सब कुछ लग्जरी होटल के कमरों जैसा तैयार करने की प्लानिंग थी। जिसके तहत भीतर से लेकर बाहर तक रंग रोगन के साथ भीतर का इंटीरियर और फर्नीचर भी चेंज किया जाना था। लेकिन शासन द्वारा पिछले साल मंजूरी देने और पीडब्ल्यूडी अफसरों की प्लानिंग बनने के बावजूद मामला टेंडर प्रक्रिया में उलझ कर रह गया। जबकि अब तक तो काम भी शुरू हो जाना था। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर का कहना है कि अभी तक इस काम के टेंडर नहीं हुए। वहीं अभी तक क्यों नहीं हुए और कब होंगे इसको लेकर कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

# तकनीकी परेशानी में उलझे कई छात्र, नहीं भर पाए अंतिम समय में परीक्षा फॉर्म

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की बीकॉम, बीए, बीएससी जैसे यूजी कोर्स की फर्स्ट ईयर की परीक्षाओं के फॉर्म भरने में छात्रों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 20 हजार से ज्यादा छात्र अब भी फॉर्म नहीं भर पाए हैं। मेजर विषय दो के बजाय तीन व माइनर एक के बजाय दो होने के कारण कई कॉलेज व छात्र तकनीकी परेशानी में उलझ गए। पहली बार मल्टी डिसिप्लिनरी सब्जेक्ट भी शुरू हुए हैं। छात्रों को वोकेशनल व इसमें से एक-एक विषय चुनना है, लेकिन कई छात्रों ने वोकेशनल में से ही दोनों विषयों को चुन लिया। अब कॉलेजों को यूनिवर्सिटी ने न केवल पूरी गाइडलाइन भेजी है, बल्कि एग्जाम फॉर्म की तारीख भी 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। हालांकि यह सिर्फ फर्स्ट ईयर के लिए रहेगा। सेकंड, थर्ड व फोर्थ ईयर के लिए एग्जाम फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 10 फरवरी ही रहेगी। इसके बाद 100 रुपए लेट फीस लगेगी। 15 से 750 और 18 से 1 हजार रुपए तक लेट फीस लगेगी। थर्ड व फोर्थ ईयर की एग्जाम्स 5 मार्च से शुरू होना है, जबकि सेकंड ईयर की 16 अप्रैल से प्रारंभ होगी। सबसे आखिर में फर्स्ट ईयर की परीक्षाएं होंगी।

**इस साल पूरा एग्जाम पैटर्न बदल गया-** ज्यादातर छात्रों को फॉर्म जमा करने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। दरअसल, इस बार पूरा एग्जाम पैटर्न बदल गया है। फाउंडेशन में दो ही विषय हिंदी व अंग्रेजी हैं। योग व वुमेन इंपॉवरमेंट जैसे विषय खत्म कर दिए हैं। इनके पेपर अब एक साथ, एक ही दिन नहीं होंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने नई एजुकेशन पॉलिसी में पांचवें साल फर्स्ट ईयर से यह नए बदलाव लागू किए हैं। मल्टीडिसिप्लनरी व वैल्यू एडेड विषय जुड़े हैं। ऐसे में छात्रों को फॉर्म भरते वक्त वोकेशनल के साथ ही इन दोनों विषयों को भी समझना होगा। इस बार परीक्षा में छात्रों को 9 के बजाय 10 पेपर देना होंगे। यह बदलाव सबसे अहम है। साथ ही यूजी फर्स्ट ईयर के छात्रों को जो वैल्यू एडेड विषय दिया है, वह भी अहम है। इस बार ओपन इलेक्टिव की जगह एमडीसी (मल्टी डिसिप्लीनरी कोर्स) है। इसमें एक विषय अनिवार्य चुनना है। इसमें अंडर स्टैंडिंग इंडिया, डिजिटल एंड टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूएशन, हेल्थ एंड योगा एजुकेशन जैसे विषय जोड़े गए हैं।

# स्कूली विद्यार्थियों को महेन्द्र ऋषि महाराज ने दिया उदबोधन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आईपीएस एकेडमी के विद्यार्थियों को युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज ने उदबोधन देते हुए कहा कि माता-पिता का शांत, संयमित और विवेकपूर्ण आचरण बच्चों को मौन रूप से शिक्षा देता है। परिवार ही जीवन की पहली पाठशाला है। उन्होने कहा कि गुरु माली की तरह होता है जो शिष्य रूपी बीज को सींचकर फूल बनाता है। शास्त्रीय सूत्रों के आधार पर कहा कि जीवन में छोटा बड़ा कोई भेद न रखते हुए सबसे प्यार से बात करना चाहिए, एवं समय का अनुशासन और पालन करना चाहिए। अभिनंदन समारोह में श्रावक और श्राविका बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम में दिव्य प्रभा महाराज, महासती विजयाश्रीजी सुमन ने अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर अचल चौधरी, डिपिन जैन,रमेश भण्डारी, प्रकाश भटेवरा, राजकुमार पंजाबी, अशोक मंडलीक, समरथमल कोठारी, टीसी जैन,अशोक सुराना, विजय सिंह नाहर, बाबूलाल जैन, रितेश कटकानी, सुविधि जवेरी, स्वप्निल संचेती, अभय झेलावत, सुभाष विनायक्या, महेश डाकोलिया, पियूष जैन, पुष्पा डागरिया,सुनीता छजलानी, शशि बोथरा, आजाद नारेलिया मौजूद थे।

## अरंगेत्रम का आयोजन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शिवरात्रि 15 फरवरी को विश्वांगी वडनेरे और डॉ. भूमि बिसेन का अरंगेत्रम कार्यक्रम लाभ मंडपम में होगा। वरदा कला संस्थान, इन्दौर का यह सातवां अरंगेत्रम होगा। आयोजन का निर्देशन श्रुति राजीव शर्मा द्वारा किया जाएगा। विश्वांगी वडनेरे और डॉ. भूमि बिसेन ने भरतनाट्यम नृत्य की कई प्रस्तुतियां पूर्व में भी दी है।

## वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस द्वारा समाजसेवी परमार सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस युनाइटेड कि-ंगडम द्वारा होटल द पार्क में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में समाज के लिए उत्कर्ष कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। बलाई समाज के अध्यक्ष मनोज परमार को भी सम्मानित किया गया। संस्था के संतोष शुक्ला, वीरेन्द्र शर्मा, विल्हेम जेज़लर, पूनम जेज़लर, पदमविलोचन शुक्ला, अपूर्वा मेनन सहित कई लोग मौजूद थे।



## श्री गुरु तेग बहादुर शहीदी पर्व पर शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल, एवं लायंस क्लब डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में 18 फरवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे से नेत्र एवं दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल, नन्दा नगर, पर किया जा रहा हैं। डॉ. एस. एस. उबेजा ने बताया कि मरीजों का पंजीयन रोजाना प्रातः 10 से 12 बजे तक हॉस्पिटल पर किया जा रहा है। जरूरत मंद लोगों के ऑप्रेशन एवं चश्मे, दवाईयाँ भी निःशुल्क दी जावेगी।जनता से अनुरोध है इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेवें ।

## अग्रसेन महासभा द्वारा कल से दो दिवसीय सामूहिक विवाह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रसेन महासभा द्वारा कल 13-14 फरवरी को होने वाले चार जोडों के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस बार महासभा द्वारा बेटमा, सेमलियाचाऊ, इंदौर तथा उज्जैन के चार दूल्हों के विवाह बायपास स्थित महासभा के मांगलिक भवन पर धूमधाम से सम्पन्न होंगे। 14 फरवरी की सुबह गणेश पूजन, शाम 4.30 बजे सामेला, 5 बजे बारात और उसके बाद प्रीतिभोज का आयोजन होगा, फेरों का आयोजन 8.30 बजे से होगा, रात 11 बजे विदाई दी जाएगी। कैलाश नारायण बंसल, राजेश मित्तल, एसएन गोयल, प्रमोद बि-ंदल सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।

## समाजसेवी और मेटल व्यापारी संतोष जोशी का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवी अहिल्या गरबा मण्डल द्वारा विशेष सेवा कार्यो के लिए समाजसेवी एवं मेटल व्यापारी संतोष जोशी को सम्मानित किया गया। वर्ष भर के पांच कार्यक्रमों के सहयोगियों को महाशिवरात्रि के पूर्व सम्मानित किया जाता है।संस्था प्रमुख महेश शर्मा मुन्ना भैया ने बताया हरसिद्धि क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, बीजेपी नेता अरुण पेंढारकर, समाजसेवी शिव जिन्दल के मुख्य आतिथ्य में 50 से अधिक बालिकाओं को भी पुरुस्कृत किया गया। आभार दिनेश बड़के भोले ने माना।



## सत्संग सभागृह के लिए भूमि पूजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री श्रीविद्याधाम आश्रम परिसर में श्री महाकोश निधि ट्रस्ट की मेजबानी में सत्संग सभागृह के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार भी किए गए। 7 हजार फीट के इस सत्संग सभागृह में 400 दर्शक एक साथ बैठ सकेंगे। भवन निर्माण का कार्य 20 माह की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नया सभागृह आश्रम की भोजनशाला के सामने बनेगा। राम ऐरन, हरीश तोतला,विनोद सिंघल, यदुनंदन माहेश्वरी, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, सुरेश-मृदुला शाहरा, नितेश-माधुरी शाहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## गोसेवकों की आज शाम बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आगामी 27 अप्रैल को होने वाले गो सम्मान आहान अभियान को लेकर गोसेवकों, गोप्रेमियों और सनातनी लोगों की बैठक आज शाम 4.30 बजे आनंदमयी आश्रम में आयोजित की जाएगी। बैठक में गोमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। उक्त जानकारी संजय कटारिया और अभिषेक उदेनिया ने दी।

## इन्दौर-नागपुर ट्रेन को रायपुर तक चलाने की मांग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिमी रेलवे के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने रेल मंत्री को सांसद शंकर लालवानी के माध्यम से पत्र लिखकर इन्दौर से नागपुर तक चलने वाली दो दिवसीय ट्रेनों को रायपुर तक चलाने की मांग की है। वर्मा ने ट्रेन क्रमांक 12913 और 12923 का स्टापेज इन्दौर में 5 की जगह 10 मिनट करने की मांग की है। इन ट्रेनों को षायपुर तक बढ़ाने की मांग की है जिससे भिलाई, दुर्ग और राजनंदगांव के यात्रियों को सुविधा मिलेगी वहीं छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सम्पर्क भी बढ़ जाएगा।

## एनीमिया की रोकथाम के लिए किया जागरूक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बड़ी ग्वालटोली स्थित राम मंदिर आंगनवाडी केन्द्र पर एनीमिया जागरूकता दिवस पर एनीमिया की रोकथाम के लिए जानकारी साझा की गई। डा. अनुभा गंगराडे और डा. रक्ष शेंडे ने पोषण एवं मासिक धर्म स्वास्थ्य जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिसमें बालिकाएं, गर्भवती महिलाएं शामिल थी। कार्यक्रम में एनीमिया की रोकथाम, शीघ्र पहचान (अर्ली डायग्नोसिस) और उपचार से संबंधित विषयों पर विस्तृत जान्-ाकारी दी गई। आंगनवाड़ी की महिलाओं ने 'स्ट्रॉन्ग ब्लड फॉर स्ट्रॉन्ग चिल्ड्रेन एंड स्ट्रॉन्ग इंडियंस' थीम को साकार करते हुए लाल परिधान पहनकर उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई।




## बोलिया सरकार छत्री पर दुल्हा स्वरूप में होंगे महादेव के दर्शन



**इंदौर।** बोलिया सरकार छत्री पर महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव के दूल्हा स्वरूप में दर्शन 9 दिनों तक होंगे। शृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना भी शुरू हो गया है। भजन, कीर्तन, अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं। भगवान शिव और माता पार्वती विवाह उत्सव के दौरान रिसेप्शन भी किया जाता है। बारात, वरमाला, मंगल गीत के आयोजन के अलावा झांकी भी सजाई जाती है।



## नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत

**इंदौर।** हंसराज पटेल मां नर्मदा की परिक्रमा के लिए निकले हुए हैं। वे 3200 किलोमीटर चलेंगे। कल उनका अंबिकापुरी कॉलोनी में स्वागत ट्रांसपोर्ट महासंघ के संजय अरोरा, राकेश अरोड़ा, देवकांत राय, अजय झा, गिरीश सदानी ने किया।

## शोभायात्रा के बाद भागवत शुरू

**इंदौर।** दुर्गा कॉलोनी, मरी माता चौ-राहा, अन्नपूर्णा मंदिर स्थित मां भुवनेश्वरी धाम में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। बैंड, ढोल ताशा के साथ श्रद्धालुओं ने कीर्तन पर नृत्य किया। राधे राधे महिला भक्त मंडल के आयोजन में कथा का रसपान 19 फरवरी तक रोजाना दोपहर 1:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक कथावाचक आचार्य डॉ. संतोष भार्गव द्वारा कराया जा रहा है।



# महिला उद्यमिता को अंतरराष्ट्रीय कलाकार देंगे वैश्विक पहचान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। इस विशेष वुमन एम्पावरमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत महिला गृह उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की तैयारी की जा रही है। ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के चेयरपर्सन विनायक लुनिया ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार के लिए अंतरराष्ट्रीय



कलाकारों और संगीतकारों का सहयोग लिया जाएगा। ये कलाकार इन उत्पादों के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे और वैश्विक मंच पर भारतीय महिला उद्यमिता की पहचान मजबूत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत महिलाओं द्वारा निर्मित घरेलू और हस्तनिर्मित उत्पादों को एक संगठित ब्रांड के रूप में बाजार में उतारने की व्यापक तैयारी चल रही है। इससे महिला उद्यमियों को आर्थिक मजबूती मिलने के साथ-साथ उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# कपलेश्वर महादेव मंदिर में होगा तीन दिवसीय आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कपलेश्वर महादेव मंदिर काटजू कॉलोनी में शिवरात्रि पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 13 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। सनी शर्मा ने बताया कि 13 फरवरी को सुबह 9 बजे से हल्दी, मेहंदी का आयोजन मातृशक्तियों द्वारा किया जएगा। शाम को भी आयोजन होगा। बंदी राजदेव ने बताया कि 14 फरवरी की रात्रि 8 बजे शिव बारात निकाली जाएगी, जगह-जगह स्वागत होगा, महाशिवरात्रि 15 फरवरी को सुबह 5 बजे रुद्राभिषेक होगा, सुबह 8 बजे महाआरीत होगी, फरियादी खिचडी और ठण्डाई का वितरण भी होगा, शिवरात्रि को शाम 6 बजे मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह की रस्म होगी। मंदिर और बारात क्षेत्र को केशरियामय किया जाएगा।

# अग्निवीर महिला सेना भर्ती रैली का आयोजन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्निवीर महिला सेना भर्ती वर्ष 2025-26 की प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड, जिंझहारी, कटनी (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की वे महिला उम्मीदवार भाग ले सकेंगी, जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। पात्र अभ्यर्थियों को रैली प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर प्रेषित कर दिए गए हैं। साथ ही प्रवेश पत्र इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट ".रदग्हर्ग्हर्हैस्ब.हग्म.ग्ह पर भी उपलब्ध हैं। सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवार प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित होंगे।

# सहकारी दुग्ध संघ में एनडीईआरपी का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह के मार्गदर्शन अनुसार इंदौर दुग्ध संघ में एनडीईआरपी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री एवीआर कुमार एसजीएम,आईसीटी-एनडीडीबी (ऑनलाइन) सुप्रिया सरकार डीजीएमआईसीटी, एनडीडीबी, (ऑनलाइन),एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. संजय गोवाणी (ऑनलाइन),अन्य दुग्ध संघो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ऑनलाइन), रितेश चौधरी, इंदौर सहका-री दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी



श्री बलबीर शर्मा एवं इंदौर दुग्ध संघ के अधिकारी/ कर्मचारीउपस्थित रहे। इस अत्याधुनिक एनडीईआरपी प्रणाली का कार्यान्वयन मात्र एक माह की रिकॉर्ड अवधि में पूर्ण किया गया। प्रबंध निदेशक डॉ. संजय गोवाणी, दूध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलबीर शर्मा एवीआर कुमार, सुप्रिया सरकार ने एक माह के रिकार्ड अवधि में कार्यप्रणाली पूर्ण करने के लिए बधाई भी दी।

# डिजिटल वेन से वित्तीय साक्षरता संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रियसखी महिला संघ इंदौर भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया रहा है। प्रिय सखी महिला संघ द्वारा इंदौर सहित अन्य जिलों में मनी वाइस पीएफएल सेंटर के माध्यम से डिजिटल मोबाइल वेन चलाकर वित्तीय साक्षरता का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। यह कार्य 13 फरवरी तक चलेगा। वित्तीय साक्षरता सप्ताह की मुख्य थीम केवायसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है। केवाईसी की मूल बातें एवं आवश्यकता उपभोक्ताओं, खातेदारों, आमजन को समझाई जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की महत्वपूर्ण बातों को भी ग्रामीण परिवेश के मद्देनजर



स्थानीय बोली की मदद से बताया जा रहा है। प्रियसखी महिला संघ की आरती कुशवाह ने बताया कि केवाईसी की जानकारी देकर बैंक खाते का दुरुपयोग न हो सके, सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। वेन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जाकर चौराहों पर एलईडी द्वारा फिल्म दिखा कर प्रसार किया गया। इंदौर, खंडवा सहित अन्य जिलों के 400 ग्रामों में भारतीय रिजर्व बैंक का महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किया गया।

# बोहरा समाजजन 17 फरवरी को रखेंगे पहला रोजा

## पूरे माह होगा आयोजन शाम को रोजा इफ्तार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बोहरा समाज के जनसंपर्क मीडिया प्रभारी जौहर मानपुर वाला एवं अली असगर भोपालवाला ने बताया कि दाऊदी बोहरा समाजजन 17 फरवरी से एक माह तक पवित्र रमजान माह में रोजा रखेंगे। सुबह से लेकर शाम तक रोजा रखा जाएगा और शाम 6.26 बजे रोजा इफ्तारी होगी। मंगलवार को पहला रोजा 12 घंटे 45 मिनट का रहेगा। पवित्र रमजान पर सभी बोहरा मस्जिदों में तीनों टाइम नमाज़, कुरान शरीफ की तिलावत एवं अन्य नमाज अदा होगी। सभी दाऊदी बोहरा मस्जिदों में इसके लिए तैयारी हो चुकी है। इंदौर के सभी बोहरा मस्जिदों में धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन (त.ऊ.श.) साहब की रजा मुबारक से उनके प्रतिनिधि आमिल साहब नमाज अदा करवाएंगे। एवं अन्य धार्मिक कार्य होंगे। सभी दाऊदी बोहरा जमातखानो में 30 दिन तक इफ्तियारी की व्यवस्था रहेगी।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं पुष्प प्रदर्शनी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग इन्दौर द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार एवं जिला स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 14 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआं इन्दौर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उप संचालक उद्यान ने बताया कि इस दो दिवसीय सेमीनार एवं प्रदर्शनी में वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं विषय-विशेषज्ञों द्वारा उद्यानिकी फसलों में उन्नत पुष्प खेती, मशरूम उत्पादन, उद्यानिकी फसलों की मार्केटिंग एवं निर्यात (एक्सपोर्ट) तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभागीय पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न उन्नत किस्मों के फूलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही विभिन्न कंपनियों द्वारा आधुनिक सिंचाई संयंत्रों एवं उद्यानिकी फसल आधारित प्रसंस्करण हेतु मशीनरी की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

# स्वास्थ्य मेला में सिंधी समाजजन रहे मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन पलसीकर कॉलोनी में आयोजित किया गया। चिकित्सकों ने कई तरह की जांच कर परामर्श भी दिया। सेवा करने वाले सदस्यों का सम्मान भी किया गया। सरपंच राजा माधवानी, डा. जयकुमार परियानी, दीपचंद चावला, सच्चानंद वाधवानी, जयपालदास बजाज, मंशाराम राजानी, संजय कारडा, नरेश मनकानी, मोहनलाल कपूर, अमरलाल बदलानी, मोहनलाल मुंजार ने अपनी सेवाएं दीं।

# खेल रत्न अलंकरण सम्मान हेतु प्रविष्टियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दी ओपन स्टेज टेलंट शो आगामी अप्रैल माह में इंदौर खेल रत्न अलंकरण सम्मान समा-रोह का आयोजन करने जा रहा है। इंदौर के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने जिला, राज्य, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदौर का नाम रोशन किया है तथा पदक जीते है, ऐसे खिलाड़ियों को इंदौर खेल रत्न अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में वे खिलाड़ी भी सम्मानित किए जायेंगे जो रनरअप रहे है अथवा किसी भी खेल प्रतियोगिता में पराजित नहीं हुए है। प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। उक्त जानकारी जितेंद्र शिवहरे ने दी।

# स्वास्थ्य शिविर और पौधारोपण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं बंजारा जन-विकास सेवा समिति द्वारा पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड की पुण्यतिथि पर शासकीय आयुष विभाग जिला अस्पताल परिसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। परीक्षण के बाद दवाइयां भी दी गई, पौधारोपण भी किया गया। प्रकाश मानावत ने बताया कि बडी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों का सम्मान भी हुआ। नशामुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रकाश मानावत, इंदु श्रीवास्तव, डॉ शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. सतीश नीमा, डॉ.मनीष रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, दीपक दुबे, शंकर पवार, कुसुम शर्मा, कमला ताई,कमल सोनी, मौनिक मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

ड्राईफ्रूट में मौजूद विटामिन E स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। जब शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम होता है, तो मौजूदा कोलेजन सेफ रहता है और नया कोलेजन तेजी से बनता है।

हर इंसान लम्बे समय तक जवान और खूबसूरत दिखना चाहता है। बढ़ती उम्र में बॉडी में नेचुरल कोलेजन का उत्पादन कम होने लगता है और लोग इसे बढ़ाने के लिए बाजार में मौजूद कई तरह के सप्लीमेंट का इस्तेमाल करते हैं, जिनका कई बार साइड इफेक्ट भी देखने को मिलता है। न्यूट्रिशनिस्ट ने कोलेजन की समस्या का समाधान निकालने के लिए कुछ खास फूड्स का सेवन करने की सलाह दी है। कुछ ड्राई फ्रूट ऐसे हैं जिनका सेवन करने से बॉडी में नेचुरल तरीके से कोलेजन का उत्पादन किया जा सकता है। ये ड्राई फ्रूट महंगे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट से काफी सस्ते और असरदार है। इनका नेचुरल तरीके से रोज सेवन करने से बॉडी को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और बॉडी हेल्दी रहती है। ये ड्राई फ्रूट ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल करने में भी असरदार साबित होते हैं।



# सूखे मेवे

## ब्लड, शुगर नॉर्मल रखने में भी कर सकते हैं मदद

### काजू है कोलेजन बढ़ाने में फायदेमंद

एक स्टडी के अनुसार, जिन लोगों ने रोजाना 30 ग्राम काजू का सेवन किया, उनके सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर में कमी आई और उनके इंसुलिन लेवल में सुधार देखा गया, बिना वजन बढ़े। कोलेजन फ्रेंडली स्नैक्स में काजू सबसे ऊपर आते हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत इनमें मौजूद कॉपर है। कॉपर उन एंजाइम के लिए ज़रूरी होता है जो कोलेजन फाइबर को बनाने और मजबूत करने का काम करते हैं। अगर शरीर में कॉपर की कमी हो, तो कोलेजन सही तरीके से बन नहीं पाता, जिससे स्किन की इलास्टिसिटी और मजबूती प्रभावित होती है। काजू में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें कॉपर,हेल्दी फैट्स,मैग्नीशियम,प्लांट प्रोटीन मौजूद होता है जो कोलेजन के निर्माण में मदद करते हैं और एनर्जी को बूस्ट करते हैं। इसका सेवन करने से मसल्स मजबूत होते हैं। सही मात्रा में काजू का सेवन ब्लड शुगर कंट्रोल में भी मदद करता है, जिससे कोलेजन को होने वाला नुकसान कम होता है।

### कोलेजन स्किन की झुर्रियां करता कंट्रोल

कोलेजन हमारे शरीर का मुख्य संरचनात्मक प्रोटीन है जो स्किन, कार्टिलेज, टेंडन, लिगामेंट्स और यहां तक कि ब्लड वैसल्स की दीवारों को भी एक-साथ जोड़े रखता है। जब शरीर में कोलेजन का स्तर कम होने लगता है, तो स्किन ढीली पड़ने लगती है, जोड़ों में आसानी से दर्द या जकड़न होने लगती है और छोटी-मोटी चोटों से उबरने में ज़्यादा समय लगता है। हमारी बॉडी में लगभग 25 साल की उम्र के बाद कोलेजन बनने की प्रक्रिया धीरे-धीरे कम होने लगती है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ ये कमी तेज़ हो जाती है, खासकर अगर व्यक्ति धूम्रपान करता है, ज़्यादा चीनी खाता है या लगातार तनाव में रहता है। ब्यूटी इंडस्ट्री अक्सर कोलेजन को सिर्फ़ झुर्रियों से जोड़कर दिखाती है, लेकिन डॉक्टरों के लिए कोलेजन का मतलब सिर्फ़ सुंदर स्किन नहीं, बल्कि शरीर की मूवमेंट, हड्डियों की मजबूती और संपूर्ण मेटाबॉलिक हेल्थ से भी जुड़ा होता है। कोलेजन को सपोर्ट करना सिर्फ़ कॉस्मेटिक ज़रूरत नहीं है, बाल्कि ये जोड़ों की सेहत, हड्डियों के घनत्व और लंबे समय तक आत्मनिर्भर रहने से भी जुड़ा है।

### कोलेजन-ब्लड शुगर के बीच रिलेशन

ब्लड शुगर का बढ़ना कोलेजन को जितना नुकसान पहुंचाता है, उतना ज़्यादातर लोग समझते नहीं हैं। जब शरीर में ब्लड शुगर का स्तर लगातार ज़्यादा रहता है तो एडवांस ग्लाइकेशन एंड प्रोडक्ट्स नाम के हानिकारक तत्व बनने लगते हैं। ये तत्व कोलेजन फाइबर से चिपक जाते हैं, जिससे वे सख्त और कमज़ोर हो जाते हैं। इसका असर सिर्फ़ चेहरे पर नहीं, बल्कि रक्त वाहिकाओं और जोड़ों की कार्टिलेज पर भी पड़ता है।इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थ जो कोलेजन को सपोर्ट करें और साथ ही ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखें इसका सेवन करना जरूरी है।

# सुबह खाली पेट पीते हैं चाय? इन बीमारियों का बढ़ सकता है खतरा

*एस्टर आरवी हॉस्पिटल, बेंगलुरु की सीनियर क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट अदिति प्रसाद आप्टे के मुताबिक चाय में टैनिन, कैफीन, दूध, चीनी और मसाले होते हैं जो पाचन तंत्र को उत्तेजित करते हैं। जब पेट में कुछ खाने को न हो तो ये उत्तेजना ज़्यादा तेज हो सकती है।*

एक्सपर्ट ने बताया खाली पेट चाय पीने से ना सिर्फ पाचन स्लो होता है बल्कि मेटाबॉलिज्म भी प्रभावित होता है। सुबह के समय पेट में कुछ खाना नहीं होता ऐसे में खाली पेट चाय का सेवन उत्तेजना बढ़ा सकता है, जिससे गैस्ट्रिक एसिड का स्राव बढ़ जाता है।

### एसिडिटी और पेट में करती जलन

ग्लेनईगल्स हॉस्पिटल, परेल के सीनियर कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शंकर जंवर बताते हैं कि लंबे समय तक ऐसा करने से पेट की अंदरूनी परत में जलन हो सकती है। एक्सपर्ट के मुताबिक खाली पेट नियमित रूप से चाय पीने से पेट की परत में इरिटेशन हो सकती है, क्योंकि चाय में मौजूद टैनिन एसिड के स्तर को बढ़ाता है। इसी वजह से सीने में जलन, मतली, पेट फूलना या ऊपरी पेट में भारीपन महसूस होने जैसी दिक्कत हो सकती है। जिन्हें पहले से एसिड रिफ्लक्स या गैस्ट्राइटिस की समस्या है, उनमें ये लक्षण ज़्यादा बढ़ सकते हैं।

### ब्लोटिंग, असहजता और टॉयलेट की आदतें

एक्सपर्ट ने बताया खाली पेट चाय का सेवन कुछ लोगों के पेट में प्रेशर बढ़ाने का काम भी करता है। कुछ लोग इसे पाचन के लिए अच्छा मानते हैं, लेकिन बिना खाना खाए बार-बार ऐसा होना आंतों को ज़्यादा संवेदनशील बना सकता है। चाय में मौजूद दूध कुछ लोगों में पाचन को धीमा कर देता है, जिससे गैस या भारीपन महसूस हो सकता है। वहीं कैफीन नर्वस सिस्टम और आंतों को उत्तेजित करता है।

### पोषक तत्वों के अवशोषण पर दिखता है असर

सुबह की चाय पीकर बॉडी में जो फुर्ती दिखती है वो असली होती है, लेकिन ये स्टेबल नहीं होती। कैफीन थोड़ी देर के लिए एनर्जी बढ़ाता है, जिसके बाद बेचैनी या अचानक थकान महसूस हो सकती है, खासकर जब नाश्ता देर से किया जाए।



### ये भी हैं साइड इफेक्ट

अगर सुबह खाली पेट नाश्ते की जगह सिर्फ चाय पी जाए तो भूख के नेचुरल सिग्नल दब सकते हैं, जिससे अनियमित खाने की आदत बन जाती है। अगर चाय में चीनी हो, तो ब्लड शुगर तेज़ी से बढ़कर गिर सकता है, जिससे क्रेविंग और मिड-मॉर्निंग थकान बढ़ती है। इसके अलावा चाय में मौजूद टैनिन आयरन के अवशोषण को भी कम कर सकता हैं, खासकर जब चाय खाली पेट पी जाए। लंबे समय में ये उन लोगों के लिए ज़्यादा नुकसानदायक हो सकती है, जिनमें पहले से आयरन की कमी है।

### सुबह की चाय का विकल्प

सुबह चाय का सेवन करने से गैस एसिडिटी बढ़ती है। चाय से पहले 1-2 गिलास गुनगुना पानी पिएं। अगर आप सुबह चाय पीते हैं तो उसके साथ 2 बिस्कुट, मखाना या भीगे हुए बादाम जरूर लें ताकि पेट में एसिड का सीधा असर नहीं हो। सोकर उठने के कम से कम 30-45 मिनट बाद ही चाय पिएं।

**निष्कर्ष-** चाय का सेवन पाचन को बिगाड़ता है और बॉडी को कई तरह से नुकसान भी पहुंचाता है, इसका मतलब ये नहीं है कि आप सुबह की चाय पूरी तरह छोड़ दें। डॉक्टर का मानना है कि अगर आप चाय पीना चाहते हैं तो आप चाय का सेवन नाश्ते के बाद या फिर खाने के साथ करें। इस तरह चाय पीने से एसिडिटी कम होती है और चाय पेट के लिए ज़्यादा सौम्य साबित होती है।

*रागी थोपा एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता है, जो कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है। आप इसे घर पर भी आसानी से तैयार कर सकते हैं। घी के साथ परोसने पर इसका स्वाद और भी बेहतर लगता है।*

# हेल्दी और पोषक तत्वों से भरपूर रागी थोपा

### रागी थोपा बनाने की सामग्री

- रागी का आटा
- दही या छाछ
- नमक
- जीरा पाउडर
- हरी मिर्च
- प्याज
- पानी

सुबह का नाश्ता काफी महत्वपूर्ण होता है। सुबह हेल्दी नाश्ता करने से बॉडी में पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है। अगर आप भी सुबह के नाश्ते में कुछ हेल्दी और टेस्टी ट्राइ करना चाहते हैं, जो स्वाद के साथ पोषण से भी भरपूर हो, तो रागी थोपा (Ragi Thopa) ट्राइ कर सकते हैं।रागी थोपा नाश्ते के लिए एक पारंपरिक और हेल्दी ऑप्शन है, जो सेहत के लिए बेहतर माना जाता है। आप इसे घी डालकर परोस सकते हैं। खासकर देसी घी के साथ इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है।

### रागी में होते हैं कई पोषक तत्व

रागी में कैल्शियम, आयरन, फाइबर सहित कई जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो पाचन को बेहतर रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। यही कारण है कि आजकल फिटनेस फॉलो करने वाले लोग भी रागी से बने भोजन को अपनी डाइट में शामिल कर रहे हैं।



### रागी थोपा कैसे बनाएं?

रागी थोपा बनाने के लिए सबसे पहले रागी का आटा, दही या छाछ, नमक, जीरा पाउडर, बारीक कटी हरी मिर्च और प्याज को पानी के साथ अच्छी तरह मिक्स करें। अब इस मिश्रण को कुछ समय के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब एक कढ़ाई लें और इसमें यह मिश्रण डालकर मध्यम आंच पर पकाएं। कुछ समय बाद यह हलवे की तरह गाढ़ा हो जाएगा। आप चाहें तो इसे तवे पर हल्का तेल या घी लगाकर मोटे चीले की तरह भी पका सकते हैं।

### कैसे खाएं रागी थोपा?

रागी थोपा को आप गरमा-गरम घी के साथ खा सकते हैं। ऊपर से डाला गया घी इसकी खुशबू और स्वाद को और भी लाजवाब बना देता है। इसके अलावा, आप इसे नारियल की चटनी, टमाटर की चटनी या दही के साथ भी परोस सकते हैं।

### दादी-नानी के नुस्खे

**सर्दी-खांसी के लिए अदरक और शहद-** अदरक को कूटकर उसमें शहद मिलाकर खाने से सर्दी-खांसी में आराम मिलता है। यह गले को भी राहत देता है और शरीर की प्रतिरक्षा को बढ़ाता है।

**पेट की समस्याओं के लिए अजवाइन-** पेट की गैस, अपच या पेट दर्द में अजवाइन का सेवन बहुत प्रभावी होता है। आप अजवाइन को हलका सा भूनकर और नमक मिलाकर खा सकते हैं।

**गर्मी में ठंडक के लिए प्याज-** अगर गर्मी में लू लग जाए या शरीर में बुखार हो तो प्याज का रस निकालकर उसे चेहरे और शरीर पर लगाना फायदेमंद होता है। यह शरीर को ठंडा करता है।

## संपादकीय

### मदद करने वाले कुचले गए, रफ्तार लापरवाही और कमजोर यातायात व्यवस्था की कड़वी सच्चाई है दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे हादसा

उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार देर रात हुआ, जिसमें एक घायल व्यक्ति की मदद कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिनमें से दो की मौत हो गई। राजमार्गों पर कोई हादसा होने पर तुरंत सहायता पहुंचाने के सरकारी तंत्र पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। सरकार के तमाम दावों के बावजूद वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। देश भर में हर साल होने वाले सड़क हादसों में तेज गति से वाहन चलाना एक बड़े कारण के रूप में उभरकर सामने आता है। वजह साफ है कि यातायात नियमों का पूरी तरह अमल सुनिश्चित करने में हर स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। खास तौर से राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों से जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। नतीजा यह है कि व्यवस्था में खामियों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार देर रात हुआ, जिसमें एक घायल व्यक्ति की मदद कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिनमें से दो की मौत हो गई। इस घटना ने सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या राजमार्गों पर वाहनों की गति मापक यंत्रों का अभाव है या फिर उनका संचालन ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है? दरअसल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक की टक्कर से पिकअप वाहन में सवार व्यक्ति घायल हो गया था। इस दौरान वहां से गुजर रहे कुछ लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आए और उसे क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। इस बीच सामने से आए एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। 'यह 'गोरी चमड़ी वाला' कौन है जो वहां बैठकर हमें हुक्म देगा', ओवैसी ने रूस के तेल टैरिफ को लेकर ट्रंप पर साधा निशाना कहा जा रहा है कि इस हादसे में जख्मी लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए तत्काल कोई मदद नहीं मिल पाई। ऐसे में राजमार्गों पर कोई हादसा होने पर तुरंत सहायता पहुंचाने के सरकारी तंत्र पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। दूसरा, इस बात पर भी गंभीरता से गौर करने की जरूरत है कि आखिर वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जाहिर है अगर कुछ वाहन चालकों को यातायात नियमों की परवाह नहीं है और न ही उन्हें कानून का खौफ है, तो इसकी मूल वजह का पता लगाए बिना समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 160900 | 157960 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 264000 | 260600 |

- निर्मल वर्मा घुंघरू

# बदमाशों का तांडव, 5 घंटे में दो राहगीरों को बनाया निशाना

## शराब के पैसे न देने पर चाकू और डंडों से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बदमाशों के एक गुट ने सरेराह आतंक मचाते हुए महज पांच घंटों के भीतर अड़ीबाजी क्रूर दो वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने राहगीरों को रोककर शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की और विरोध करने पर उन पर चाकू और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इन वारदातों में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी आशीष पाल और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पहली वारदात आदर्श बिजासन नगर स्थित कमेटी हॉल के पास दोपहर करीब 3 बजे हुई। यहाँ फरियादी नितिन उर्फ अप्पी (38) को बिना नंबर की बाइक पर सवार होकर आए आरोपी आशीष पाल, शुभम सभाजीत और उनके साथियों ने रोका। बदमाशों ने नितिन को धमकाते हुए शराब पीने के लिए 3 हजार रुपये की मांग की। जब नितिन ने पैसे देने से इनकार किया, तो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी आशीष पाल ने जेब से चाकू निकालकर नितिन पर वार कर दिया, जिससे उसका हाथ लहूलुहान हो गया।

बदमाशों का हौसला इतना बढ़ गया कि उन्होंने उसी इलाके में शाम साढ़े सात बजे दूसरी वारदात को अंजाम दिया। विकास दुबे अपने दोस्त सूरज यादव के साथ चौकसे धर्मशाला के पास से गुजर रहे थे, तभी आरोपी आशीष पाल और उसके साथियों ने उन्हें घेर लिया। यहाँ भी बदमाशों ने चाकू दिखाकर शराब के लिए पैसों की मांग की। विकास और सूरज द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में सूरज यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मामलों में परदेशीपुरा पुलिस ने विकास दुबे और नितिन की शिकायत पर आरोपी आशीष पाल और उसके साथियों के खिलाफ अड़ीबाजी, मारपीट और जानलेवा हमले की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# ऑफिस की दराज से कलेक्शन के रुपए उड़ाए

## छत पर फोन पर बात करने गया था कर्मचारी, अज्ञात चोर ने साफ किया हाथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक कार्यालय में रखे कलेक्शन के नकद रुपयों पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब कार्यालय का कर्मचारी महज कुछ देर के लिए मोबाइल पर बात करने छत पर गया था। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह घटना गुरु नानक नगर स्थित वाइन शॉप के पीछे बने एक कार्यालय में हुई। फरियादी नीरज पिता लक्ष्मीचंद गुप्ता निवासी ब्रज विहार, राजेंद्र नगर इसी ऑफिस में कार्यरत है। नीरज ने पुलिस को बताया कि उसने दिनभर का ऑफिस फंड और कलेक्शन का नकद रुपया ऑफिस की मेज की दराज में रखा था। शाम करीब 5 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसे अटेंड करने के लिए वह ऑफिस से निकलकर छत पर चला गया।जब वह फोन पर बात करके वापस नीचे लौटा, तो दराज का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। दराज में रखे कलेक्शन के रुपये गायब थे। फरियादी ने तुरंत आसपास के लोगों से पूछताछ की और दफ्तर के बाहर भी तलाशी ली, लेकिन रुपयों का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और भंवरकुआं थाने पहुँचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास और वाइन शॉप के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

## बच्चों के एडमिशन के नाम पर एक लाख की ठगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने का झांसा देकर एक महिला से एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर हड़प लेने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी पुलिस के अनुसार श्रीनगर एक्सटेंशन स्थित श्रीनाथ रेसीडेंसी में रहने वाली महिला अंशु पाटकर ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी महिला करुणा मंडलोई ने उसके दोनों बच्चों का एडमिशन अच्छे स्कूल में कराने का भरोसा दिलाया था। इसी बहाने आरोपी ने एनईएफटी के जरिए एक लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए राशि लेने के बाद न तो बच्चों का कहीं दाखिला कराया गया और न ही पैसे वापस किए गए। काफी समय तक टालमटोल के बाद जब फारियादिया को ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बैंक ट्रांजैक्शन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## नशे में पति ने किया हमला, बेटी के सिर पर लगी धारदार हथियार से चोट

इंदौर। शराब के नशे में धुत पति द्वारा गाली-गलौज के बाद धारदार हथियार से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार से बचने के दौरान हथियार बेटी के सिर पर लग गया, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा पुलिस के अनुसार नार्थ गाडराखेड़ी क्षेत्र निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति शराब के नशे में घर आया और अश्लील गालियां देने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। महिला के हटते ही वार उसकी बड़ी बेटी के सिर पर जा लगा, जिससे सिर में गहरी चोट आई और खून बहने लगा। परिजन बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी शुभम चंदेल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो महिलाओं के साथ मारपीट, ससुराल वालों पर केस दर्ज

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। दहेज और घरेलू हिंसा में दो महिलाओं के साथ मारपीट के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पीड़िताओं के पति और ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। थाना देपालपुर पुलिस ने बताया कि पीड़िता अंजलि पति रमन हाल मुकाम अरिहंत कॉलोनी की रिपोर्ट पर उसके पति रमन छडोदी,विजेश छडोदी, रोहित छडोदी और हेम सागर पति दुलेसिह छडोदी निवासी छोटी सागौर जिला धार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने ससुराल में दहेज की मांग कर प्रताडित किया। लात-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इधर महिला थाना पुलिस ने पीड़िता सलोनी पति रोहित निवासी सिहोर की शिकायत पर आरोपी पति रोहित,द्वारकाबाई, रामस्वरुप कौशल और मोहित निवासी सिहोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने ससुराल में शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया।

## करंट लगने से मौत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। आजाद नगर थाना क्षेत्र में काम के दौरान करंट लगने से जीवन (25) निवासी चिनार पार्क महू की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मामले में जांच की जा रही है।

## लूट का आरोप, पुलिस कर रही है मना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



बाणगंगा थाना क्षेत्र के बारोल टोल टैक्स के आगे रिंगनोदिया में कल बगैर नंबर की पल्सर बाइक से लूट की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया। बताया गया कि 17400 रुपए नकद और मोबाइल के साथ कुछ और सामान छीनकर भाग गए। इस मामले में पुलिस से जानकारी प्राप्त की तो पुलिस का कहना है कि हमारे पास लूट की घटना की कोई जानकारी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक बिना नंबर की पल्सर पर दो व्यक्ति बैठे थे, जो सांवेर रोड रिंगनोदिया पर घटना को अंजाम देकर आगे बढ़े। एक सोने का पेंडल भी छीनने की बात कही गई है।

# ईशान को गंभीर चोट नहीं, आज मैदान पर उतरेंगे

## संजू सैमसन की वापसी तय

नई दिल्ली ● एजेंसी

भारतीय टीम बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के अपने दूसरे लीग मैच के लिए तैयारी कर रही थी। 6 बजे के करीब भारतीय खिलाड़ी नेट्स में उतरे। हमेशा की तरह टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों को पहले बैटिंग के लिए आना था। ऐसे में ईशान किशन सबसे पहले नेट्स में नजर आए। ईशान किश नेट अभ्यास के दौरान मैच वाली फॉर्म में नजर आ रहे थे, लेकिन बाद में जसप्रीत बुमराह की एक लेजर गाइडेड मिसाइल की तरह आई यॉर्कर ने ईशान किशन को चारों खाने चित कर दिया। बुमराह की यॉर्कर ईशान किशन के बायें पैर पर लगी और वे दर्द में नजर आए। नेट में बैट को छोड़कर और पैड उतारकर वे जमीन पर बैठ गए। जल्द ही फीजियो ने अपना काम किया तो कुछ देर बाद वे अपने पैरों पर खड़े हो गए।



हालांकि, ये भारतीय खेमे के लिए एक पल को चिंता का विषय लग रहा था, क्योंकि एक ओपनर पहले से बीमार है और एक ओपनर फॉर्म में नहीं था, जबकि ईशान किशन चोटिल हो चुके थे, लेकिन गनीमत ये रही कि जल्द ही वे उठे और फिर से थोड़ी देर के लिए नेट्स में नजर आए और मैदान से बाहर चले गए। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने लगातार दूसरे दिन जमकर गेंदबाजी का अभ्यास किया। वह अमेरिका के खिलाफ पहला मैच बीमार होने की वजह से नहीं खेले थे। नामीबिया के खिलाफ आज बुमराह का खेलना तय लग रहा है। यह मैच पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को कोलंबो में होने वाले मुकाबले की तैयारी के लिए बहुत अहम है। बुमराह ने गेंदबाजी के बाद कैचिंग का भी अभ्यास किया।

उधर, खराब फॉर्म के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर चल रहे संजू सैमसन को अभिषेक शर्मा के नहीं खेलने पर मौका मिल सकता है। अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में थे, लेकिन अच्छी बात है कि उन्हें बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। हालांकि, रिकवरी का टाइम उनको चाहिए। ऐसे में वे नामीबिया के खिलाफ मैच को मिस कर सकते हैं। यही कारण था कि मंगलवार की तरह बुधवार को संजू सैमसन बल्लेबाजी का अभ्यास करने सबसे पहले आने वालों में शामिल थे। सैमसन ने नेट्स में स्पिनर और तेज गेंदबाजों पर लंबे-लंबे शॉट लगाए। वॉशिंगटन सुंदर ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी की, जबकि सूर्यकुमार यादव भी काफी समय तक नेट्स में दिखे।

# सूदखोरों के आतंक से तंग आकर मटन व्यवसायी ने खाया जहर

**इंदौर। चंदन** नगर क्षेत्र में रहने वाले एक मटन व्यवसायी ने बुधवार को जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जहर खाने से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो जारी कर तीन सूदखोरों के नाम उजागर किए हैं। फिलहाल, युवक इंदौर के मालवा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चंदन नगर निवासी मोहसिन पिता मोहम्मद अशरफ देहलवी ने जहर खाने से पहले अपने मोबाइल से एक वीडियो संदेश साझा किया। इसमें उसने कड़ाव घाट और बंबई बाजार निवासी मुन्ना दूधवाले, अकरम और शकील चौधरी को अपनी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया है। मोहसिन ने वीडियो में स्पष्ट रूप से कहा कि उसे इन लोगों से अपनी जान का खतरा है।?मोहसिन ने वीडियो में आपबीती सुनाते हुए बताया कि साल 2023-24 के बीच उसने व्यापार की जरूरत के लिए करीब 10 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। आरोप है कि इन रुपयों के बदले आरोपी उससे हर सप्ताह 65 हजार रुपये बतौर ब्याज वसूलते थे। मोहसिन का दावा है कि वह अब तक ब्याज और मूल मिलाकर करीब 60 से 70 लाख रुपये चुका चुका है। इसके बावजूद आरोपियों की लालच खत्म नहीं हुई।आरोपियों ने उसके मकान की रजिस्ट्री और करीब 30 कोरे चेक अपने पास रख रखे हैं। जब मोहसिन ने अपने दस्तावेज वापस मांगे, तो उसे न केवल धमकाया गया, बल्कि और अधिक रुपयों की मांग की गई। मोहसिन ने बताया कि उसने हार मानकर 6 फरवरी को पंढरीनाथ थाने में लिखित आवेदन भी दिया था, लेकिन आरोपियों का दबाव कम नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही चंदन नगर पुलिस बुधवार रात अस्पताल पहुँची। चूंकि मोहसिन आईसीयू में बेहोश है, इसलिए उसके बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पुलिस ने फिलहाल परिजनों के बयान लिए हैं।

## एक्टिवा पर शराब ले जाते धराया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आबकारी विभाग द्वारा गीता भवन क्षेत्र में एक्टिवा क्रमांक एमपी-09 एए-1272 पर दो पेटी देशी शराब का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने रवि पिता नंदकिशोर महावर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की कार्यवाही की। शराब और वाहन का कुल मूल्य 60 हजार रु. है।



## 54 हजार छतों पर तैयार हो रही है बिजली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पर्यावरण हित व बिजली बिल में बचत के उद्देश्य से सौर ऊर्जा का घरों की छतों पर उत्पादन तेजी से हो रहा है। 10 फरवरी तक पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर लगाने वालों की संख्या 54500 हो गई है। कुल बिजली उत्पादन क्षमता चार सौ मैगावाट होने को है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार मालवा । निमाड़ में सबसे ज्यादा रूफ टॉप सोलर नेट मीटर इंदौर मध्य शहर, सुपर कॉरिडोर, बायपास की कॉलोनियों में लगे हैं। इंदौर महानगरीय क्षेत्र में रूफ टॉप सोलर संयंत्र की संख्या करीब 24500 है। महानगरीय क्षेत्र की रूफ टॉप सोलर उत्पादन क्षमता करीब 155 मैगावाट है।

# ई-रिक्शा का बढ़ा किराया यात्रियों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

**देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देपालपुर में ई-रिक्शा संचालकों द्वारा मनमाना किराया लेने का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि 1 किलोमीटर दूरी के ई-रिक्शा चालकों द्वारा 25 रु. तक लिए जा रहे है। करीब 15 ई-रिक्शा देपालपुर में चल रही है। बीते वर्ष एसडीएम की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें किराया निर्धारित हुआ था लेकिन इसको लेकर अधिसूचना जारी नहीं हुई थी।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **ऐलचीदेदी पति भगवानराम बिश्नोई** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1000845170 पता 142/2 व अन्य का पैकी भाग 6 सिद्धी पार्क पैकी भाग इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील मिचौलीहप्सी, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्र./1880/रीडर/2026 इन्दौर दि. 23/01/2026
प्रकरण क्रमांक 26/अ-27/2025-2026

**-उदघोषणा-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सागर पिता राधेश्याम पटेल पता नंदी परिसर ग्राम भिचौलीमर्दाना तहसील इंदौर द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बिचौली मर्दाना स्थित भूमि सर्वे न. 306/2/3/1 रकबा 0.57 हैक्टेयर, सर्वे न. 306/2/1/1 रकबा 0.72 हैक्टेयर, सर्वे न. 308/1/1/1 रकबा 0.35 हैक्टेयर,, सर्वे न. 306/2/4 रकबा 0.405 हैक्टेयर, सर्वे न. 63/3 रकबा 0.166 हैक्टेयर, सर्वे न. 62/4, 63/4,, सर्वे न. 76 रकबा 0.194 हैक्टेयर, सर्वे न. 75/1/1 रकबा 0.19 हैक्टेयर, सर्वे न. 71 रकबा 0.518 हैक्टेयर, सर्वे न. 72 रकबा 0.202 हैक्टेयर, सर्वे न. 73 सर्वे न. 74/2 रकबा 0.057 हैक्टेयर, सर्वे न. 75/1/2 रकबा 0.033 हैक्टेयर, सर्वे न. 306/2/4 रकबा 0.405 हैक्टेयर, सर्वे न. 283/3/2 रकबा 0.101 हैक्टेयर, सर्वे न. 285/1/1/2 रकबा 0.075 हैक्टेयर, सर्वे न. 285/1/1/2/2 रकबा 0.210 हैक्टेयर, सर्वे न. 278/1/1 रकबा 1.666 हैक्टेयर, सर्वे न. 313/2/2/2 रकबा 0.122 हैक्टेयर, सर्वे न. 311/3/1 रकबा 0.093 हैक्टेयर, सर्वे न. 313/2/2/1 रकबा 0.081 हैक्टेयर भूमि को विभाजित कर पृथक करने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदित भूमि का बंटवारा किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23/02/26 तक प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील मिचौली हप्सी, इन्दौर**

# श्रवण यंत्र प्रकरण में उपभोक्ता को बड़ी राहत

**इंदौर उपभोक्ता आयोग का महत्वपूर्ण आदेश**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, इंदौर की सदस्य डॉ. निधि बारंगे (इंदौर-एक) ने श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) की आपूर्ति एवं सेवा में कमी से संबंधित एक प्रकरण में उपभोक्ता के हित में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। आयोग ने श्रवण यंत्र की गुणवत्ता में खामी तथा शिकायत के निराकरण में लापरवाही को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत 'सेवा में कमी' मानते हुए विपक्षी पक्ष को राशि वापसी एवं क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार परिवादी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं विपक्षी पक्ष के आश्वासन पर 73 हजार रुपये मूल्य का श्रवण यंत्र क्रय किया गया था। परिवादी का कहना था कि यंत्र कान में सही ढंग से फिट नहीं हुआ, जिससे उन्हें अत्यधिक दर्द, असुविधा एवं मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ा। परिवादी द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद विपक्षी पक्ष द्वारा यंत्र को केवल सुधारने का प्रयास किया गया, किंतु समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसके बाद परिवादी ने श्रवण यंत्र की राशि वापस करने की मांग की, परंतु निर्धारित समय में राशि लौटाई नहीं गई। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, इंदौर की सदस्य डॉ. निधि बारंगे द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों, शपथ-पत्रों एवं तर्कों के सूक्ष्म परीक्षण के उपरांत यह निष्कर्ष निकाला गया कि परिवादी को अपेक्षित एवं संतोषजनक सेवा प्रदान नहीं की गई। आयोग ने माना कि श्रवण यंत्र की फिटिंग एवं कार्यक्षमता में कमी तथा शिकायतों के बावजूद समाधान न होना स्पष्ट रूप से सेवा में कमी को दर्शाता है। डॉ. निधि बारंगे ने अपने अंतिम आदेश में विपक्षी पक्ष को निर्देश दिए हैं कि वह आदेश की तिथि से 45 दिवस के भीतर परिवादी को श्रवण यंत्र की संपूर्ण राशि 73 हजार रुपये परिवाद प्रस्तुति की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित लौटाए। इसके अतिरिक्त आयोग ने मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा के लिए पाँच हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में तीन हजार रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया है।

# हॉस्पिटल में पुलिस की 'बम थ्रेट ड्रिल'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर के प्रमुख और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा लगातार सुरक्षा ऑडिट और मॉक ड्रिल अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कल पुलिस की एक विशेष टीम विजय नगर क्षेत्र जूपिटर हॉस्पिटल पहुँची। यहाँ पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा स्टाफ के साथ मिलकर 'बम थ्रेट ड्रिल' का अभ्यास किया और सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। इस ड्रिल के दौरान पुलिस ने अस्पताल परिसर में संदिग्ध वस्तुओं की पहचान, मरीजों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकालने तथा पुलिस को तत्काल सूचना देने की प्रक्रिया का बारीकी से परीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों की सजगता को परखा और आपातकालीन अलार्म सिस्टम व सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को भी चेक किया। निरीक्षण के बाद पुलिस टीम ने अस्पताल के सुरक्षा स्टाफ और अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस ने निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु के दिखने पर बिना देरी किए पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। साथ ही, प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित जाँच करने के निर्देश भी दिए गए।

# आज भारत व नामीबिया समेत तीन मैच

**नई दिल्ली ।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का रोमांच अपने चरम पर है और आज क्रिकेट प्रेमियों के लिए ट्रिपल धमाका होने जा रहा है। एक ही दिन में तीन मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें कई टीमों की किस्मत दांव पर लगी होगी ।

### श्रीलंका बनाम ओमान

आज की शुरुआत श्रीलंका और ओमान के बीच मुकाबले से हुई । यह मैच बालागोला स्थित पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है । दोनों टीमों के लिए यह मैच अहम माना जा रहा है, खासकर ओमान के लिए, जो मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने की कोशिश करेगा । यह मैच सुबह 11 बजे से शुरू हुआ।

### इटली बनाम नेपाल

दिन का दूसरा मुकाबला इटली और नेपाल के बीच खेला जाएगा । यह मैच मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित होगा । नेपाल की टीम अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी, वहीं इटली की नजर टूर्नामेंट में मजबूत पकड़ बनाने पर होगी । यह मुकाबला दोप्हर 3 बजे से शुरू होगा और टॉस 2:30 बजे किया जाएगा।

## ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी टीम इंडिया



### भारत बनाम नामीबिया

दिन का सबसे चर्चित मैच भारत और नामीबिया के बीच खेला जाएगा । दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है । टीम इंडिया फिलहाल एक जीत के साथ अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर मौजूद है और इस मैच को जीतकर शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेगी । दूसरी ओर, नामीबिया को अपने पिछले मैच में नीदरलैंड्स से हार का सामना करना पड़ा था । ऐसे में वह भारत के खिलाफ जीत दर्ज कर वापसी की कोशिश करेगी. यह मुकाबला शाम 7 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस 6:30 बजे होगा ।

# सीसीआय की आसान जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित श्रीमती प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत सीसीआय एवं आयसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 235 रन बनाये। गौरांश पटेलने 76 रन एवं अद्धिक बुंन्देला ने 54 रन बनाये। अर्निक ने 3 विकेट लिये । जवाब में आयसीसी की टीम 42 ओवरो में 171 रनों पर सिमट गई और यहमैच 64 रनों से हार गई। अविराट, रोहन व कुश ने 2-2 विकेट लिये ।

### एसवीसीए की रोमांचक जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसवीसीए एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 28 ओवरो में सभी विकेट खोकर 90 रन बनाये। श्लोक पाटील ने 4 विकेट एवंत न्यम जैन ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम 29 ओवरो में 55 रनों पर सिमट गई और यह मैच 35 रनों से हार गई । लक्ष्य लोदवाल ने 5 विकेट लिये।

### एमवायसीसी की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं इंदौर स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 31 ओवरो में 87 रन बनाये। कुंज ओझा ने 4 विकेट लिये । जवाब एमवायसीसी की टीम ने 14 ओवरो में 1 विकेट खोकर 90 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से आसानी से जीत लिया । रूद्र मुकाती ने नाबाद 50 रन बनाये ।

# इन्दौर स्पोर्ट्स की शानदार जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसीय स्पर्धा जो कि सफेद बॉल एवं रंगीन ड्रेस में खेली जा रही है उसके अंतर्गत इंदौर कोल्ट्स एवं एसएस कम्यून के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्ट्स ने पहल खेलते हुए 50 ओवरो में 4 विकेट खोकर 252 रन बनाये। सार्थक वर्मा ने 108 रन एवं प्रखर काग ने 70 रन बनायें । आशीष माटा ने 2 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून की टीम 43 ओवरो में 157 रनों पर सिमट गई और यह मैच 95 रनों से हार गई । अनुज लाहोरे ने 47 रन एवं देवांश व्यास ने 44 रन बनाये। मनन मेहता ने 5 विकेट लिये ।





## विजय क्लब की विशाल जीत





इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच विजय क्लब एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 229 रन बनाये। दीपक भूरिया ने 48 रन एवं हर्ष सोलंकी ने 45 रन बनाये। आर्यन यादव ने 3 विकेट लिये । जवाब में जय गिरनारी क्लब की टीम 17 ओवरो में 97 रनों पर सिमट गई और यह मैच 131 रनों से हार गई । वैदिक वाणी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिये ।

**देव्ज एकेडमी की रोमांचक जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एमबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 322 रन बनाये। लारेब अली ने 116 रन एवं देव बरनाले ने 87 रन बनाये। गौरव शर्मा ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमबीसीए की टीम 48 ओवरो में 296 रनों पर सिमट गई और यह मैच 26 रनों से हार गई । वरूण चाहर ने 66 रन, हर्षित भराडिय ने 65 रन बनाये। आदिल अली ने 4 विकेट लिये ।



# मध्य प्रदेश को दो स्वर्ण, एक कांस्य पदक मिला

**इन्दौर ।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के केडी जाधव स्टेडियम में भारत की मेजबानी में आयोजित पांचवी इंडियन ओपन अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग कप का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के महासचिव अशुतोष दाधीच ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से आए हुए किकबॉक्सिंग के दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया । भारत सर्वाधिक पदक प्राप्त कर पदक तालिका में सबसे ऊपर रहकर चैंपियन बना । जिसमें मध्य प्रदेश से शिवम चौरसिया ने 57 किलोगाम वजन के, के.वन इवेंट में व श्रीधर प्रधान ने के. वन इवेंट के 54 किलोगाम वजन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया । इसी प्रकार ध्रुव चौधरी ने अंडर -19 के वन मैं ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की सफलता पर वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडवले एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

# नामीबिया कप्तान ने कहा हमें फ्लडलाइट्स में प्रैक्टिस का मौका नहीं मिला

नई दिल्ली । भारत और नामीबिया के बीच गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 18वां मैच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है, जिससे पहले नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने अपनी टीम के ट्रेनिंग शेड्यूल पर नाराजगी जताई है। कप्तान का कहना है कि उनकी टीम को अरुण जेटली स्टेडियम में फ्लडलाइट्स में प्रैक्टिस करने का मौका नहीं मिला।

मंगलवार को सुबह के मैच में नामीबिया की टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 7 विकेट से हार गई थी। इसके बाद कोच क्रेग विलियम्स ने संकेत दिया था कि टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन भारत के खिलाफ डे-नाइट मैच की तैयारी के लिए शाम के ट्रेनिंग सेशन की योजना बनाई है। हालांकि, नामीबिया को बुधवार को दोपहर का प्रैक्टिस स्लॉट दिया गया था, जबकि भारत ने मैच से पहले दोनों दिन शाम के समय ट्रेनिंग की। कनाडा का सामना शुक्रवार को दोपहर 3 बजे यूएई से होगा। इस टीम ने भी भारत के साथ लाइट्स में ट्रेनिंग की।

कप्तान इरासमस ने क्या कहा?

इरासमस ने भारत के विरुद्ध मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नामीबिया में हमारे कोई नाइट मैच या डे-नाइट मैच नहीं हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के हिसाब से, शायद यही हमारे लिए बड़ी चुनौती है। नेपाल प्रीमियर लीग, आईएलटी20 या पहले वर्ल्ड कप में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर, ज्यादातर खिलाड़ी लाइट्स में खेलने के आदी नहीं हैं। इस मैच से पहले हमें नाइट ट्रेनिंग नहीं दी गई है। भारत को दो बार ट्रेनिंग का मौका दिया गया था, और बुधवार को कनाडा को भी एक मौका मिला। आप इससे जो चाहें समझ लेंष्ठ हम बस नामीबियाई तरीके से खेलेंगे, यानी लड़ना।

उन्होंने अपने युवा खिलाड़ियों से भी कहा कि वे इस मौके का फायदा उठाएं और जब वे 40,000 की भीड़ के सामने इंडिया का सामना करेंगे तो उस पल में रहें। कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बड़ा पल है। हम खिलाड़ियों से अनजान नहीं हैं, हम उन्हें आईपीएल और इंटरनेशनल क्रिकेट में टीवी पर बहुत देखते हैं। आपको पता होता है कि आपका सामना किससे होने वाला है, लेकिन मुझे लगता है कि एक्सपोजर के मामले में, और इवेंट के साइज के हिसाब से 40,000 शोर मचाने वाले फैंस के सामने लाइट्स में खेलना युवा प्लेयर्स के लिए बहुत अच्छा अनुभव होने वाला है।

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## शराब के विवाद में मर्डर की आशंका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



बाणगंगा थाना इलाके में एमआर 4 रेलवे स्टेशन रोड पर हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। दो दिन से लापता 42 वर्षीय व्यक्ति का शव शुक्रवार को रेलवे बाउंड्री वॉल के पास लहूलुहान हालत में मिला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात से पहले आरोपियों के साथ मृतक का शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था, जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गया। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है।

डीसीपी राजेश व्यास ने बताया कि मृतक की पहचान खोजराज पिता लखन नारंगे (42) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में अपने भाई दुलेश्वर और तेजाराम के साथ किराए के मकान में रहता था। खोजराज एक फोटोग्राफी शॉप पर बाइंडिंग का काम करता था। परिजनों के अनुसार, वह पिछले दो दिनों से घर नहीं लौटा था और उसकी तलाश की जा रही थी। एमआर 4 पर लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन रोड के पास से गुजर रहे लोगों ने जब बाउंड्री वॉल के पास एक शव देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर देखा कि खोजराज के शरीर पर चाकू के कई गहरे घाव थे। घटनास्थल के हालात देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि बदमाशों ने घेरकर उस पर ताबड़तोड़ हमले किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में खोजराज का अपने ही कुछ परिचितों या संदिग्धों से विवाद हुआ, जिसके बाद उन्होंने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। पुलिस इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की आधिकारिक गिरफ्तारी कर ली जाएगी और हत्या के पीछे की असल वजह का खुलासा होगा।

# ब्राउन शुगर तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



शहर में अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी इंदौर क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले की कड़ी जोड़ते हुए फरार चल रहे मुख्य आरोपी मयूर कौशिक उर्फ मयूर सिलावट को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर के स्थानीय सप्लायरों को माल उपलब्ध कराने का मुख्य जरिया था।

उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को क्राइम ब्रांच ने सौरभ और गौरव नामक दो आरोपियों को 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। सघन पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने खुलासा किया था कि वे पालदा निवासी मयूर सिलावट से माल लेकर आते थे। घटना के बाद से ही मयूर फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी।

### दूसरे जिलों से जुड़ा था तस्करी का नेटवर्क

पुलिस जांच में सामने आया है कि मयूर सिलावट केवल एक सप्लायर नहीं, बल्कि इस नेटवर्क की महत्वपूर्ण कड़ी है। वह पड़ोसी जिलों और अन्य क्षेत्रों से कम दामों पर ब्राउन शुगर खरीदकर लाता था और इंदौर शहर में छोटे तस्करों और सप्लायरों को ऊंचे दामों पर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से उसे चिन्हित कर धर दबोचा।?आरोपी मयूर सिलावट की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस इस नेटवर्क के मुख्य स्रोत तक पहुँचने की कोशिश कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि मयूर से पूछताछ में यह खुलासा हो सकेगा कि यह माल किस जिले से लाया जा रहा था और इंदौर में इसके अन्य संपर्क सूत्र कौन हैं। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# समय सीमा के बाद भी खुला था रेस्टोरेंट पुलिस ने मारा छापा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में नाइट कल्चर के दौरान बढ़ते विवादों और अपराधों पर लगाम कसने के लिए विजय नगर पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई की है। स्कीम नंबर 54 स्थित 'गिर्राज ग्रांड' मल्टी में संचालित 'मोनू आईसवाल' रेस्टोरेंट को निर्धारित समय सीमा के बाद भी खुला पाए जाने पर पुलिस ने दबिश दी। नियमों के उल्लंघन और कर्मचारियों की जानकारी छिपाने के मामले में पुलिस ने रेस्टोरेंट मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

एसीपी पराग सैनी द्वारा थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल को निर्देश दिए गए थे कि क्षेत्र में देर रात तक संचालित होने वाले खान-पान के केंद्रों के कारण झगड़े और विवाद बढ़ रहे हैं, अतः समय सीमा का सख्ती से पालन कराया जाए। इसी कड़ी में कल गश्त के दौरान पुलिस टीम गिर्राज ग्रांड पहुँची, जहाँ ग्राउंड फ्लोर पर स्थित मोनू आईसवाल रेस्टोरेंट रात 12 बजे के बाद भी संचालित होता पाया गया। पुलिस ने जब रेस्टोरेंट मालिक मोनू उर्फ मनफुल घेतरवाल निवासी राजस्थान से व्यवसायिक अनुमति, रेंट एग्रीमेंट और संस्थान में काम कर रहे कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट मांगी, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस कमिश्नर के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी व्यवसायिक संस्थान में कर्मचारी रखने से पूर्व उसकी सूचना निर्धारित प्रोफार्मा में संबंधित थाने पर देना अनिवार्य है। आदेश का उल्लंघन करने पर पुलिस ने आरोपी मोनू के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# स्कूटी की सीट में छिपाकर ले जा रहा था ड्रग्स

## पुलिस ने लोखंडे पुल के पास से दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो अपनी स्कूटी की सीट के नीचे छिपाकर एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने जा रहा था। आरोपी के पास से सवा लाख रुपये से अधिक कीमत की ड्रग्स बरामद हुई है।**

क्राइम ब्रांच की टीम शहर में संदिग्धों की धरपकड़ के लिए गश्त पर थी, तभी लोखंडे पुलिया के पास बने गार्डन के समीप एक युवक नीले रंग की होंडा एक्सेस स्कूटी के साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह घबराहट में भागने की कोशिश करने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कासिम पिता कुतुबुद्दीन खान, निवासी श्रीनगर कांकड़ बताया।

जब पुलिस ने उसकी स्कूटी की सघन तलाशी ली, तो सीट के नीचे बने बॉक्स में छिपाकर रखा गया 12.59 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस जब्त ड्रग्स की कीमत लगभग 1,20,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने ड्रग्स के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कासिम केवल 8वीं कक्षा तक पढ़ा है और दिखावे के लिए दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। हालांकि, कम समय में अधिक पैसा कमाने के लालच में वह ड्रग्स तस्करी के काले कारोबार में उतर गया।



उसने कबूल किया कि वह सस्ते दामों पर एमडी खरीदकर इंदौर के नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि कासिम को यह माल सप्लाई करने वाले मुख्य सरगना कौन हैं और वह शहर में किन-किन इलाकों में नशा सप्लाई करता था।

# नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

## ऑटो-बस चालकों की सघन जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



सड़क दुर्घटनाओं पर रोक और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरी के जोन-03 क्षेत्र में ऑटो और बस चालकों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से चालकों की जांच की गई, जिसमें एक ऑटो चालक नशे की हालत में पकड़ा।

पुलिस उपायुक्त जोन-03 के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन और एसीपी संयोगितागंज तथा थाना प्रभारी छोटी ग्वालटोली के नेतृत्व में थाना छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन क्षेत्र, सरवटे बस स्टैंड, यशवंत टी चौराहा, प्रमुख ऑटो स्टॉप और मुख्य मार्गों पर ऑटो एवं बस चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से शराब सेवन की जांच की गई, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर एचएचएमडी से भी तलाशी ली गई। इसके साथ ही वाहनों के दस्तावेजों की भी विधिवत जांच की गई। अभियान के दौरान एक ऑटो चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया, जिसे मौके से थाने लाकर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि नशे में वाहन चलाने जैसी लापरवाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित सड़क व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।